22 जून 2025
रविवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



किसानों की जमीन हड़पने की साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी: राकेश टिकैत

2



## भारत से लेकर अमेरिका तक पूरे उत्साह के साथ मना अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, पीएम मोदी ने दिया संदेश

# तनाव, अशांति और अस्थिरता से बचना है तो अपनाएं योग



आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में शामिल होकर योग करते पीएम मोदी।



विश्व के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर सेना के जवानों ने योग दिवस पर योगाभ्यास किया।




गुजरात के वडनगर में योग दिवस के अवसर पर 2,121 लोगों ने कोबरा पोज में योग किया।

### ♦ पीएम मोदी बोले- योग उस पॉज बटन की तरह है जिसकी इंसानियत को जरूरत है- ताकि हम रुक सकें, सांस ले सकें, संतुलन बना सकें और फिर से खुद को पूर्ण महसूस कर सकें

**एजेंसी/नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 को शनिवार को भारत से लेकर अमेरिका तक पूरे उत्साह और समर्पण के साथ मनाया गया। लोगों ने योग के जरिए न सिर्फ तन और मन को संतुलित करने का संकल्प लिया, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संदेश भी दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाग लिया, जहां उनके साथ मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण भी मौजूद रहे। पीएम मोदी ने विशाखापट्टनम में 3 लाख लोगों और 40 देशों के राजनयिक के साथ योग किया। पीएम मोदी ने कहा चाहे ओपेरा हाउस की सीढ़ियां हों, या एवरेस्ट की चोटियां, या समुंदर का विस्तार हो एक ही संदेश आता है कि योग सभी का है और सभी के लिए है। पीएम मोदी ने कहा कि योग उस 'पॉज बटन' की तरह है जिसकी इंसानियत को जरूरत है- ताकि हम रुक सकें, सांस ले सकें, संतुलन बना सकें और फिर से खुद को पूर्ण महसूस कर सकें। पीएम मोदी ने कहा कि इस वर्ष योग दिवस की थीम योगा फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ रखी गई, जो धरती और मानव स्वास्थ्य के आपसी संबंध को रेखांकित करती है। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में योग ने वैश्विक यात्रा की है। उन्होंने उस समय को भी याद किया, जब भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पेश किया था।

उन्होंने कहा कि इतने कम समय में आज योग को लेकर विश्व के करीब 175 देश भारत के साथ खड़े हैं। आज की दुनिया में ऐसा समर्थन मिलना आसान और सामान्य नहीं है। भारत ने तो सिर्फ एक प्रस्ताव दिया था। यह किसी देश के लिए नहीं बल्कि मानवता की भलाई के लिए एक प्रयास था। उन्होंने कहा कि आज दुनिया का प्रत्येक देश किसी ना किसी तनाव से ग्रस्त है। हर जगह अशांति और अस्थिरता ही नजर आ रही है। ऐसे में सभी को योग करना चाहिए। इससे शांति मिलती है। उन्होंने कहा कि योग एक ऐसा पॉज बटन है, जिसकी मानवता को सांस लेने, संतुलन बनाने और फिर से संपूर्ण बनने के लिए आवश्यकता है।



दिल्ली, पंजाब, लद्दाख, केरल, जम्मू-कश्मीर और पश्चिम बंगाल के धरोहर स्थलों पर भी लोगों ने उत्साह से योग किया। सुप्रीम कोर्ट परिसर में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के नेतृत्व में न्यायाधीशों, डॉक्टरों, छात्रों और आम नागरिकों ने मिलकर योगाभ्यास किया, जबकि भारतीय आयुर्वेद संस्थान परिसर में दो हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी योग दिवस की गूंज सुनाई दी। अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित टाइम्स स्क्वायर पर भारतीय दूतावास और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से एक भव्य योग कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में योग को लोकप्रिय बनाया है और इसे वैश्विक कल्याण आंदोलन का रूप दिया है। नायडू के अनुसार, इस बार 175 से अधिक देशों के 12 लाख स्थानों पर 10 करोड़ से अधिक लोग योग दिवस कार्यक्रमों में शामिल हुए। यह दर्शाता है कि योग अब केवल भारत की परंपरा नहीं, बल्कि विश्व की साझा सांस्कृतिक धरोहर बन चुका है।

योग दिवस के अवसर पर भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के जवानों ने लेह की ऊंचाई वाले क्षेत्रों में योग का अभ्यास किया। 24वीं बटालियन के जवानों ने 14,100झ14,200 फीट की ऊंचाई पर स्थित धन सिंह थापा और चार्टसे सीमा चौकियों पर, प्रसिद्ध पेंगोंग त्सो झील के किनारे योग किया। इस अभ्यास ने सीमाओं पर तैनात जवानों की मानसिक और शारीरिक दृढ़ता को दर्शाया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 की उत्साहपूर्ण शुरूआत करते हुए भारतीय तटरक्षक क्षेत्र पूर्व ने भूमि और समुद्र दोनों पर योग का संदेश फैलाया। विशाखापत्तनम स्थित आईसीजी डीएचक्यू-6 में 200 से अधिक जवान और उनके परिवार योग सत्र में शामिल हुए।

### वडनगर में 2121 लोगों ने कोबरा पोज में योग कर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

पीएम मोदी के जन्मस्थान वडनगर में योग दिवस के अवसर पर एक अनूठा विश्वास रिकॉर्ड बना। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की मौजूदगी में 2,121 लोगों ने कोबरा पोज में योग किया। इस सामान्य भाषा में भुजंगासन कहते हैं। इतना ही नहीं इस विश्व रिकॉर्ड को शर्मिष्ठा तालाब पर बनाया गया। यह वहीं तालाब है जो पीएम नरेंद्र मोदी के जीवन से जुड़ा है। बचपन में वह इसी तालाब से एक मगरमच्छ के बच्चे को पकड़कर घर ले आए थे। वडनगर में बने इस विश्व रिकॉर्ड को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में दर्ज किया गया है। इससे पहले साल 2023 में गुजरात सबसे बड़ा योग पाठ हुआ था। तब रिकॉर्ड 147,952 प्रतिभागी शामिल हुए थे। तब भी यह कीर्तिमान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल क गई थी।एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगह्व थीम के साथ मनाए गए आज के योग दिवस कार्यक्रम में वडनगर के प्रसिद्ध शर्मिष्ठा झील के तट पर एक साथ 2121 लोगों ने भुजंगासन आसन कर विश्व रिकॉर्ड बनाया, जिसके लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की 11वीं कड़ी तथा माननीय प्रधानमंत्री के सेवाकाल के 11 वर्ष पूरे होने को शुभ संयोग बताया। उन्होंने दृढ़ विश्वास व्यक्त किया कि योग की यह प्राचीन परंपरा 'मोटापा मुक्त गुजरात, स्वस्थ गुजरात' का निर्माण करके विकसित भारत के लिए विकसित गुजरात के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण होगी।

### ऋषि परंपरा का गौरव है योग

**गोरखपुर।** 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गोरखपुर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सान्निध्य में सांसद रवि किशन ने भी सहभागिता की और योगाभ्यास किया। सांसद रवि किशन ने कहा कि योग सिर्फ शरीर को नहीं, विचारों को भी शुद्ध करता है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग भारत की ऋषि परंपरा का गौरव है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज यह विश्व में प्रतिष्ठित हुआ है। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक संकल्प लिया गया कि सभी नागरिक योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करेंगे और स्वस्थ भारत, समर्थ भारत की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

## बुजुर्ग, दिव्यांग व विधवाओं को अब 1100 रुपए मिलेगी मासिक पेंशन

### सीएम नीतीश ने की मासिक पेंशन बढ़ाने की घोषणा

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा मास्टर स्ट्रोक खेलते हुए बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं को दी जाने वाली मासिक पेंशन बढ़ाने का ऐलान किया है। सीएम ने शनिवार को मासिक पेंशन 400 रुपये से बढ़ाकर 1,100 रुपये करने की घोषणा की है। ये फैसला जुलाई से लागू हो जाएगा। इस फैसले से राज्य की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत 1,09,69,255 लाभार्थी को लाभ मिलेगा।

मासिक पेंशन बढ़ाने की घोषणा करते हुए सीएम नीतीश ने कहा, मुझे आपको यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत अब सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवा महिलाओं को हर महीने 400 रुपये की जगह 1100 रुपये पेंशन मिलेगी। जुलाई महीने से सभी लाभार्थियों को बढ़ी हुई दर पर पेंशन मिलेगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि यह राशि महीने की 10 तारीख को सभी लाभार्थियों के खाते में भेज



दी जाए। इससे 1 करोड़ 9 लाख 69 हजार 255 लाभार्थियों को बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, बुजुर्ग समाज का एक अनमोल हिस्सा हैं और उनके लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार इस दिशा में प्रयास जारी रखेगी।

बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस दौरान राजनीतिक दलों की बैठक भी शुरू हो गई हैं। जिसमें चुनाव जीतने की रणनीति पर अभी से काम किया जा रहा है। वहीं हाल ही में आम आदमी पार्टी की ओर से चुनावों में सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा भी की गई है। आने वाले दिनों में पार्टी के नेता कई शहरों में पदयात्रा भी निकालेंगे।

## राजद विधायक रीतलाल यादव की अवैध संपत्ति होगी जब्त

**केटी न्यूज/पटना**

जेल में बंद दानापुर के राजद विधायक रीतलाल यादव की अवैध संपत्ति जब्त करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर न्यायालय में प्रस्ताव भेजा जा रहा है। पटना पश्चिम के सिटी एसपी ने बताया है कि इस क्षेत्र के 18 माफियाओं की संपत्ति जब्त करने का प्रस्ताव कोर्ट में भेजा गया है। पटना पश्चिम के सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 107 के तहत अपराध से अर्जित संपत्ति के विरुद्ध तेजी से कार्रवाई की जा रही है। पटना पश्चिम क्षेत्र के 18 प्रस्ताव न्यायालय में भेजे गए हैं। बताया जाता है कि इनमें राजद विधायक रीतलाल यादव के परिवार की



भी संपत्ति जब्त करने की तैयारी है। पटना पश्चिम क्षेत्र से जिन 18 माफियाओं की संपत्ति जब्त करने का प्रस्ताव भेजा गया है, उनमें बालू माफिया, शराब माफिया और जमीन माफिया शामिल हैं।

बता दें, 17 अप्रैल को रीतलाल यादव और उनके छोटे भाई ने दानापुर कोर्ट में सरेंडर किया था। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर बेऊर जेल भेज दिया गया। उनके ऊपर बिल्डर से रंगदारी मांगने का आरोप था। साथ ही साथ धमकी देने का भी आरोप लगा था। उनके साथ दो अन्य लोगों ने भी सरेंडर किया है। इन सभी ने व्यवहार न्यायालय के एसीजीएम 5 के न्यायालय में आत्म समर्पण किया था। रीतलाल यादव और उनके सहयोगियों के खिलाफ फर्जी दस्तावेज बनाने, रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने 11 अप्रैल को उससे संबंधित 11 स्थानों पर तलाशी ली और करीब 10.5 लाख रुपये, 77.5 लाख रुपये के खाली चेक, भूमि हड़पने के 14 दस्तावेज और समझौते, 17 चेकबुक और पांच स्टांप, छह पेन ड्राइव और वॉकी-टॉकी बरामद किए थे।

## बिहार में जंगलराज लौट आया है, यहां सुशासन नहीं: पशुपति

**केटी न्यूज/पटना**

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने शनिवार को बिहार सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार में जंगलराज लौट आया है, यहां सुशासन नहीं है। पटना में एक प्रेस वार्ता में पारस ने कहा कि बिहार में महिलाओं, खासकर दलित महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, स्थिति इतनी खराब है कि वीवीआईपी इलाकों में गोलीबारी हो रही है। भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ चुका है कि अंचल से लेकर सचिवालय तक बिना पैसे के कोई काम नहीं होता। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग इस सरकार से तंग आ चुके हैं। सत्ता बदलना अब जरूरी हो गया है क्योंकि पिछले 20 साल से एक ही व्यक्ति सत्ता पर काबिज है।

## चेन्नई जा रही इंडिगो विमान की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**एजेंसी/दिल्ली**

चेन्नई जा रही एक इंडिगो फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। बताया जा रहा है कि पायलट ने ईंधन की कमी के बाद मेयडे कॉल दिया था, उसके तुरंत बाद ही बेंगलुरु में इमरजेंसी लैंडिंग की गई। बताया जा रहा है कि फ्लाइट पहले चेन्नई में ही लैंड करने वाली थी, लेकिन वहां पर ज्यादा ट्रैफिक की वजह से मंजूरी नहीं मिली और विमान को फिर बेंगलुरु की तरफ डायवर्ट किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक जब चेन्नई में काफी देर तक लैंड करने की परमीशन नहीं मिली, विमान वहां पर चक्कर काटता रहा, उसी वजह से ईंधन की कमी हुई और फिर फ्लाइट को बेंगलुरु भेज दिया गया। पायलट ने बाद में विमान को बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड करवाया।

जानकारी के मुताबिक यह घटना गुरुवार को हुई थी। असल में गुरुवार रात को 8.11 बजे पायलट ने केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को फ्यूल मेयडे का एक मैसेज भेजा था, उसके भी पीछे भी कारण रहा कि फ्लाइट को लैंडिंग वक्त पहली प्राथमिकता दी जाए। इसके बाद चार मिनट के भीतर ही इंडिगो की फ्लाइट ने सुरक्षित लैंडिंग कर ली थी।

किसी भी विमान की मेयडे कॉल एक इमरजेंसी मैसेज होता है। यह संदेश पायलट करीबी एटीसी को भेजता है। जब विमान क्रैश होने वाला होता है या फिर यात्रियों या क्रू की जान को खतरा होता है। जब भी विमान का इंजन फेल होता है, आग लगती है, हवा में टकराव का खतरा होता है या हाईजैक स्थिति जैसी बनती है, तुरंत नजदीकी एटीसी को पायलट मेयडे कॉल भेजता है। मेयडे कॉल का अर्थ होता है कि तुरंत मदद की जरूरत है।

### मेक इन इंडिया योजना को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

## पीएम को नारे लगाने में महारत, समस्याओं का समाधान में नहीं

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। मेक इन इंडिया योजना को लेकर पीएम को घेरते हुए राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री को नारे लगाने में महारत हासिल है। समस्याओं का समाधान करने में नहीं। एक्स पर पोस्ट में युवाओं के साथ बातचीत का वीडियो साझा करते हुए राहुल गांधी ने लिखा कि मेक इन इंडिया से फैक्ट्री बूम के वादों के बावजूद देश में विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है।



युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड उच्च स्तर पर है और चीन से आयात दोगुना से अधिक क्यों हो गया है? मोदी जी ने नारों की कला में महारत हासिल की है, समाधानों में नहीं। 2014 से विनिर्माण हमारी अर्थव्यवस्था में 14% तक गिर गया है। पोस्ट में साझा किए गए वीडियों में दिखाया गया है कि राहुल गांधी नेहरू प्लेस नई दिल्ली में दो प्रतिभाशाली युवकों शिवम और सैफ से मुलाकात कर रहे हैं। उन्होंने देश के आर्थिक मॉडल की आलोचना की। कांग्रेस नेता ने कहा, कि नेहरू प्लेस नई दिल्ली में मैं शिवम और सैफ से मिला। उज्ज्वल, कुशल, संभावनाओं से भरे फिर भी उन्हें इसे पूरा करने का अवसर नहीं दिया गया। सच्चाई यह है: हम संयोजन करते हैं, हम आयात करते हैं, लेकिन हम निर्माण नहीं करते हैं। चीन मुनाफा कमा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के पास कोई नया विचार नहीं है और उन्होंने भारत के उद्योगों को बढ़ाने की कोशिश छोड़ दी है। महत्वपूर्ण पीएलआई योजना को भी चुपचाप बंद किया जा रहा है। गांधी ने भारतीय उत्पादकों से ईमानदार सुधारों और वित्तीय सहायता के साथ मदद करने के लिए बड़े बदलावों का आह्वान किया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भारत अपने उद्योगों का निर्माण नहीं करता है, तो वह अन्य देशों से खरीदता रहेगा। समय बीत रहा है।



# गंगा में समाई स्कॉर्पियो को रेस्क्यू टीम ने निकाला, दोनों शव बरामद

- ♦ बचाव कार्य में जुटे रहे एसडीआरएफ व स्थानीय गोताखोर
- - शनिवार को धुमराय के पुरा घाट से बरामद हुई दूसरे युवक की लाश



**केटी न्यूज/बक्सर**

शुक्रवार की रात बिहार और यूपी को जोड़ने वाले पुराने वीर कुंवर सेतु पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। करीब 100 किलोमीटर प्रतिघंटे की तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए गंगा नदी में समा गई। हादसे के बाद से ही रेस्क्यू अभियान जारी था।

लगभग चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शनिवार सुबह रेस्क्यू टीम ने दो क्रेनों की मदद से स्कॉर्पियो को गंगा से बाहर निकाला। गाड़ी में से एक युवक का शव बरामद हुआ, जिसकी पहचान सिमरी थाना क्षेत्र के दुल्लहपुर गांव निवासी संजय सिंह के पुत्र अर्जुन सिंह उर्फ झामु के रूप में की गई। अर्जुन को रात में ही गंगा से निकाला गया था और तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरे युवक इसी गांव के शशि सिंह के बेटे हर्ष सिंह का शव घटना स्थल से पांच किलोमीटर पूर धुमराय के पुरा घाट से बरामद किया गया।

**प्रशासन ने दिखाई तत्परता:** बता दें कि इस घटना के बाद प्रशासन ने काफी तत्परता दिखाई थी। रात में ही स्थानीय गोतोखोरों व एसडीआरएफ के साथ रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया गया। करीब चार घंटे बाद ही एसडीआरएफ की टीम ने गंगा में डूबे स्कार्पियो को खोज निकाला। स्कार्पियो में ही एक युवक का शव पड़ा था, जबकि दूसरा युवक गेट टूटने से गंगा में गिर गया था।

**दोनों शव बरामद:** औद्योगिक थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गंगा में डूबी स्कार्पियो के साथ ही दोनों शव को बरामद कर लिया गया है। ऑपरेशन पूर्ण हो चुका है।

### गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर जताया आक्रोश

हादसे की सूचना मिलते ही गुस्साए ग्रामीणों ने एनएच-84 पर जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सूचना पाकर पहुंचे अधिकारियों ने समझा-बुझाकर जाम को हटवाया और लोगों से सहयोग की अपील की। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है हालांकि, थोड़ी देर बाद ही दूसरे युवक के शव को खोजने में गोताखोरों को सफलता मिल गई।

वहीं, इस घटना के बाद से दुल्लहपुर गांव में कोहराम मच गया है। एक साथ दो युवकों की मौत की घटना ने पूरे गांव को झकझोर दिया है। शनिवार को गांव के अधिकांश घरों में चूल्हे नहीं जले। वहीं, मृतकों के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। बेटों की मौत की खबर से जहां परिजन सदमे में हैं, वहीं रिश्तेदार व मित्र जनों में शोक की लहर है।

## एक नजर

### बहुजन समाज को पांच किलो अनाज से नहीं, अनाज वाले रोजगार से जोड़ना है: अनिल कुमार



**बक्सर।** नगर भवन में शनिवार को बक्सर और राजपुर प्रखंड में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की ओर से आयोजित संगठनात्मक समीक्षा बैठक सह कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन बसपा के बक्सर विधानसभा इकाई द्वारा किया गया था, जिसका उद्देश्य पार्टी के बूथ स्तर तक विस्तार और आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रणनीतिक तैयारी को धार देना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद व बसपा के नेशनल कोऑर्डिनेटर ई. रामजी गौतम थे। उनके साथ केंद्रीय प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार, केंद्रीय प्रदेश प्रभारी उमाशंकर गौतम, दिलीप कुमार, अभिमन्यु सिंह कुशवाहा, सुभाष अंबेडकर, लालजी राम, जिलाध्यक्ष सुभाष गौतम, जयनारायण राम और विजेंद्र कुमार डोम शामिल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बक्सर विधानसभा के अध्यक्ष अजय कुमार ने की और मंच संचालन हरिहर कुमार मेहरा ने किया। ई. रामजी गौतम ने अपने भाषण में स्पष्ट तौर पर कहा कि बिहार की जनता अब ठगी नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि अब जनता को न तो जंगलराज चाहिए, न महाजंगलराज, बल्कि एक ऐसी सरकार की जरूरत है जो सामाजिक न्याय, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर आधारित हो और वह बहुजन समाज पार्टी ही दे सकती है। वहीं, अनिल कुमार ने कहा कि कहा कि बहन मायावती के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज के लाखों लोगों को जमीन, शिक्षा और नौकरी मिली थी। अनिल कुमार ने पार्टी कार्यकताओं से आह्वान किया कि 'अब बहुजन समाज को पांच किलो अनाज' से नहीं, अनाज वाले उद्योग और रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान सत्ताधारी दलों और तथाकथित विपक्षी ताकतों ने जनता के विश्वास के साथ सिर्फ छल किया है। मौके पर विधानसभा कमिटी, प्रखंड कमिटी, बूथ कमिटी के साथ सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नुक्कड़ नाटक: पशुपालकों को किया गया जागरूक



**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के रूपसागर, आथर और भदार गांवों में पशुपालन विभाग की ओर से पशुपालकों को जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पटना से आई नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा किया गया, जिसमें पशुओं में होने वाली बीमारियों, उनके लक्षण, बचाव के उपाय और सही इलाज की जानकारी दी गई। प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अभिषेक आनंद ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण पशुपालकों को झोलाछाप डॉक्टरों से पशुओं का इलाज न कराने के लिए प्रेरित करना है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि सरकार द्वारा निःशुल्क मोबाइल पशु एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर पशुपालक अपने पशुओं का इलाज करा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मौके पर डॉ. कन्हैया लाल यादव, पारावेट अमरेश कुमार, धर्मराज कुमार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और इसे बेहद लाभकारी बताया। इस तरह की जागरूकता कार्यक्रमों से न सिर्फ पशुओं की देखभाल बेहतर होगी, बल्कि पशुपालकों का आर्थिक नुकसान भी कम होगा।

## खबरें फटाफट

### चौसा के ग्रामीणों के लिए अभिशाप बन गया है पॉवर प्लांट: डॉ. सत्येन्द्र

**बक्सर।** चौसा में आयोजित किसान सभा सह धरना प्रदर्शन में अपने समर्थकों के साथ भाग लेने के बाद बक्सर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने केशव टाइम्स से कहा कि चौसा का थर्मल पॉवर प्लांट भले ही बहुद्देश्यीय परियोजना हो, लेकिन यह परियोजना स्थानीय किसानों के लिए अभिशाप बन गया है।

केन्द्र व राज्य सरकार की गलत नीति तथा जिला प्रशासन के अड़ियल रवैये व सिर्फ कंपनी के प्रति लगाव से किसानों को उनका उचित हक नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जबसे सरकार ने इस पॉवर प्लांट का निर्माण कार्य चौसा में शुरू कराया है, तब से चौसा के लोगों का जीवन नारकीय हो गया है। प्लांट में वर्चस्व को लेकर आपराधिक घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि बिना प्रदूषण का निष्पादन किये पावर प्लांट का निर्माण कराया जा रहा है, बिना किसानों को मुआवजा दिए जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है, जिला प्रशासन स्तर पर किसानों पर जुल्म अत्याचार एवं मारपीट जैसी कार्रवाई की गई जो निंदनीय एवं चिंताजनक है। सरकार को गंभीरता से सोचना चाहिए।

## किसानों की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो पूरे देश में होगा धरना प्रदर्शन

# किसानों की जमीन हड़पने की साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी: राकेश टिकैत

- ♦ सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि नवी नगर की तर्ज पर यहां भी उचित दर से मुआवजा मिलना चाहिए
- ♦ सभा में नेताआं ने भरी किसानों को हक दिलाने की हुंकार





**केटी न्यूज/बक्सर**

चौसा में निर्माणधीन बक्सर थर्मल प्लांट परिसर में किसानों के हक के लिए शनिवार को किसान सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत समेत राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के कई वरीय नेता शामिल हुए तथा किसानों को उनका हक दिलवाने की हुंकार भरी।

राष्ट्रीय किसान नेता राकेश टिकैत ने कहां कि केंद्र और किसानों की जमीन हड़पने की साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बिहार के लोग सॉफ्ट टारगेट बनाए जा रहे हैं। सरकार चाहती है कि यहां के लोग मजदूर बनें, पलायन करें और अपनी ही जमीन से बेदखल हो जाएं। उन्होंने केन्द्र व राज्य सरकार को चेतावनी दी और कहा कि किसानों का शोषण व उनकी जमीन को हड़पने की साजिश बंद नहीं हुई तो जल्दी ही राष्ट्रीय स्तर पर किसान आंदोलन किया जाएगा तथा देशभर में धरना प्रदर्शन कर सरकार की चूले हिला दी जाएगी। उन्होंने कहा कि चौसा में जमीन छीनने का एक संगठित षड्यंत्र रचा गया है, जिसमें बाईपास, हाइवे व अन्य परियोजनाओं और बड़ी-बड़ी कंपनियों के माध्यम से किसानों की भूमि छीनी जा रही है। सरकार विभिन्न परियोजनाओं की आड़ में किसानों को उनके हक से वंचित कर रही है।

टिकैत ने कहा कि इससे पहले भी वह दो बार बक्सर आ चुके हैं और यहां के किसानों की आवाज दिल्ली तक पहुंची है। उन्होंने सरकार को चेताते हुए कहा, हम साफ तौर पर कहना चाहते हैं कि भूमि अधिग्रहण मुफ्त में नहीं होगा। किसानों को उनका उचित मुआवजा और अधिकार मिलना चाहिए। अगर किसानों की जमीन जबरन ली गई, तो इसके खिलाफ देशव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा। उन्होंने किसानों से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि संघर्ष के बिना अधिकार नहीं मिलते, और यह लड़ाई सिर्फ बक्सर की नहीं, पूरे देश के किसानों की है।

### किसानों की छोटी मांग को 10 वर्षों में भी पूरा नहीं कर सका प्रशासन

सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि नबीनगर में जो बिजली घर लगा वहां जिस दर से किसानों को मुआवजा मिला है, चौसा के किसानों को भी उसी दर से मुआवजा मिलनी चाहिए, लेकिन किसानो के इस छोटी सी मांग को अभी तक जिला प्रशासन 10 साल में पूरा नहीं कर सका है। नए अधिकारी आए हैं दो दिन बाद हम उन लोगों के साथ एक बैठक करेंगे। सांसद ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि आपकी जो मांगे हैं वह अधिकतम एक दो बैठक होते-होते हैं आपको पूरा कर दिया जाए। अगर, पूरा नहीं होता तो आरएनआर में अपने पद से इस्तीफा दे दूंगा। वहीं, प्रभावित किसान मोर्चा के नेता रामप्रवेश ने कहा एनएच 319 में रैयतों को चार गुना मुआवजा नहीं मिला और किसी भी रैयत का मकान टूटा तो बुलडोजर किसान नेता के शव के ऊपर से गुजरेगा। इस मौके पर कई जिले व पहुंचे बड़े नेताओं ने भी अपना वक्तव्य रखा। किसानों ने अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन तेज करने का संकल्प लिया।

## चौसा में चला स्वच्छता जागरूकता अभियान



**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर पंचायत चौसा द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने की दिशा में एक विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का आयोजन मोनालिस प्रशिक्षण व कल्याण केंद्र के सहयोग से किया गया।

अभियान की शुरूआत नगर पंचायत की मुख्य पार्षद किरण देवी एवं कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार ने हरी झंडी दिखाकर की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी प्रयास नहीं, बल्कि हर नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है। इसे दैनिक जीवन में अपनाना समय की मांग है। अभियान के तहत नगर के विभिन्न वार्डों में नुक्कड़ नाटक, गीत-संगीत और संवाद सत्रों के माध्यम से लोगों को गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण, खुले में शौच से मुक्ति, जल संरक्षण और नियमित सफाई जैसे अहम मुद्दों पर जागरूक किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी लोगों ने स्वच्छता की शपथ ली और अपने घर-आसपास सफाई बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान स्वच्छता निरीक्षक अरशद हैदर नकवी, वार्ड पार्षद चंदन चौधरी, आनंद जी रावत, हृदय नारायण सिंह सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे।

## विस चुनाव को लेकर हथियारों का सत्यापन शुरू

- ♦ डुमरांव व नावानगर प्रखंड के थानों में शिविर आयोजित कर किया गया शस्त्रों का सत्यापन



**केटी न्यूज/नावानगर/डुमरांव**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को नावानगर, सिकरौल और वासुदेवा थाना क्षेत्रों में आग्नेयास्त्रों का सत्यापन कार्य किया गया। मजिस्ट्रेट की देखरेख में कुल 34 लाइसेंसी हथियारों का सत्यापन किया गया, जिसमें राइफल, पिस्टल और दो नाली बंदूक शामिल थे। सत्यापन कार्यक्रम के पहले दिन सिकरौल में 21, नावानगर में 02 और बासुदेवा में 11 अग्नेयास्त्रों की जांच की गई।

नावानगर में सीओ रानी कुमारी ने थानाध्यक्ष नीतीश कुमार की उपस्थिति में सत्यापन कार्य किया। सिकरौल में थानाध्यक्ष रिकेश कुमार एवं बासुदेवा में थानाध्यक्ष मधुबाला भारती की देखरेख में अग्नेयास्त्र जांच की प्रक्रिया पूरी की गई। सत्यापन के दौरान अनुज्ञप्ति धारकों के लाइसेंस बुक, शस्त्र का नंबर, फोटो एवं अन्य विवरणों का मिलान कर आवश्यक हस्ताक्षर एवं मुहर की गई। इसके साथ ही अधिकारियों ने कारतूसों की जानकारी भी लिया। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने और अवैध हथियारों पर नियंत्रण के उद्देश्य से इस प्रकार का सत्यापन अभियान लगातार जारी रहेगा।

वहीं, आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला प्रशासन के निर्देश पर शनिवार को जिले के सभी थानों में शस्त्र सत्यापन शिविर का आयोजन किया गया। पहले दिन डुमरांव थाने में 35 व कोरानसराय थाने में आठ समेत कुल 43 लाइसेंसो व उनके कारतूस का सत्यापन किया गया। इस दौरान दोनों थानों के थानाध्यक्ष के साथ ही बतौर मजिस्ट्रेट सीओ मौजूद थे।

## दो मवेशी चोरी, पशुपालक के सामने खड़ी हुई रोजी-रोटी की समस्या

**केसठ।** प्रखंड के केसठ गांव निवासी एक गरीब पशुपालक की एक गर्भवती भैंस एवं एक भैंसा को अज्ञात चोरों द्वारा रात के अंधेरे में चोरी कर ली गईं। पीड़ित धनजी कुमार ने थानाध्यक्ष नावानगर को दिए आवेदन में बताया कि बीते की रात लगभग एक बजे जब वे नींद से जागे और बाहर निकले तो देखा कि उनके द्वार से भैंसें गायब थीं। काफी खोजबीन के बावजूद भैंसों का कोई पता नहीं चला। पीड़ित ने बताया कि वह बेरोजगार हैं और पशुपालन से ही अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। चोरी हुई दोनों भैंसों में एक गर्भवती थी। धनजी कुमार ने मामले की जांच कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस चोरी से परिवार संकट में आ गया है क्योंकि उनके पास जीविका का कोई अन्य साधन नहीं है। परिवार द्वारा क्षेत्र के आसपास कई गांव में खोजबीन की गई लेकिन निराशा ही हाथ लगी। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी, लेकिन अभी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।




## जिलाधिकारी ने किया आईसीडीएस के कार्यों की समीक्षा, बोले...

# फेसियल रिकोग्नाइजेशन सिस्टम से करें टीएचआर का वितरण

- ♦ भवनहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए जमीन चयन व निमार्णाधीन का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण का दिया निर्देश



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी डॉ. विद्यानंद सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को आईसीडीएस के कार्यां की समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया कि फेसियल रिकोग्नाइजेशन सिस्टम के माध्यम से टीएचआर का शत प्रतिशत वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि टीएचआर वितरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा संबंधित सीडीपीओ के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गहनता के साथ निरीक्षण करें:** वहीं, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण की समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गहनता के साथ शत प्रतिशत निरीक्षण करेंगे। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति, उनके टीएचआर वितरण के अलावे आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के लिए मिलने वाली अन्य मुलभूत सुविधाओं की पड़ताल कर उसका प्रतिवेदन देने को कहा।

**निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का स्थल निरीक्षण कर प्रतिवेदन समर्पित करें:** आईसीडीएस डीपीओ को निर्देश दिया कि भवनहीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्धता के लिए अपर समाहर्ता बक्सर से समन्वय स्थापित करेंगे। जिन स्थानों के लिए भूमि प्राप्त हो जाती है, वैसे स्थानों पर शीघ्र भवन निर्माण कराना सुनिश्चित करेंगे तथा 57 निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का स्थल निरीक्षण कर डीडीसी को प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। उन्होंने सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पर्याप्त साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, विद्युत इत्यादि की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। वहीं, महिला पर्यवेक्षिका के चयन के लिए 15 दिनों के अंदर रोस्टर अनुमोदित कराने का निर्देश दिया गया। सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस को निर्देश दिया गया कि विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के आलोक में कार्य योजना बनाकर सभी मानकों में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त बक्सर, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस बक्सर, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सत्ता की संलिप्तता या फिर प्रशासन की निष्क्रियता, 10 वर्षों से बंद पड़ा है अतिक्रमित रास्ता

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड अंतर्गत रामपुर गांव में एक दशक से बंद पड़ा मुख्य रास्ता अब न सिर्फ प्रशासनिक निष्क्रियता, बल्कि सत्ता और संबंधों की संलिप्तता का भी बड़ा उदाहरण बन गया है। गांव के तीन डिसमिल सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर दीवार खड़ी कर दी गई है, जिससे यह मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है।



जिस कारण ग्रामीणों को आवाजाही में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में हालात और भी भयावह हो जाते हैं। लोगों का घर से निकलना तक मुश्किल हो जाता है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस अतिक्रमण के मुख्य आरोपियों में से एक सुरेंद्र पांडेय की बहू वर्तमान में रामपुर पंचायत की मुखिया हैं। ऐसे में ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासनिक कार्रवाई को लगातार जानबूझकर टाला गया, ताकि पद और प्रभाव के दम पर अतिक्रमण को वैधता का मुखौटा पहनाया जा सकें।

बता दें कि इस मामले में ग्रामीण शिवशंभू नाथ तिवारी द्वारा वर्ष 2013 में दिए गए आवेदन पर अंचलाधिकारी केसठ ने वाद संख्या 03/12-13 के तहत सुरेंद्र, नरेंद्र, ललित और फुटून पांडेय को 29 दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था, साथ ही चेतावनी दी गई थी कि अनुपालन नहीं करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

वर्षों बीत गए, लेकिन न रास्ता खाली हुआ, न कोई कार्रवाई हुई। अतिक्रमण वादियों द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय और पटना हाईकोर्ट तक इस मामले में अपीलें की गईं, जिन्हें खारिज कर दिया गया। अधिवक्ता विपिन ठाकुर ने पुष्टि की कि विवादित भूमि सरकारी रिकॉर्ड में पब्लिक रोड के रूप में दर्ज है। अब मामला जिलाधिकारी विद्यानंद सिंह के संज्ञान में आने के बाद पुनः गति में आया है।

**मामले में त्वरित और नियमानुसार कार्रवाई करें:** अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव राकेश कुमार ने पत्रांक 1755 के तहत सीओ केसठ को निर्देश दिया है कि वे मामले में त्वरित और नियमानुसार कार्रवाई करें। ग्रामीणों को उम्मीद है कि अब राजनीतिक प्रभाव और प्रशासनिक चुप्पी का अंत होगा। वर्षों से पीड़ित लोग अपने रास्ते की वापसी के साथ न्याय की भी प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह मामला न केवल अतिक्रमण हटाने की जरूरत को दर्शाता है, बल्कि यह भी दिखाता है कि जब जनप्रतिनिधि स्वयं नियमों को ताक पर रखते हैं, तब जनता कितनी बेबस हो जाती है। इस संबंध में सीओ अभिषेक गर्ग ने बताया कि मामला संज्ञान में है, उक्त भूमि का विवाद अभी न्यायालय में चल रहा है। वरीय पदाधिकारियों और कोर्ट से मार्गदर्शन मिलने पर करवाई की जाएगी।

**सरकारी रास्ते से अतिक्रमण हटाना प्रशासन की है प्राथमिकता:** वैसे तो जमीन विवाद के मामलों को सुलझाना तथा सरकारी व सार्वजनिक उपयोग की जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने को कागजों में प्रशासन प्राथमिकता में मान रहा है।

जमीन विवाद को सुलझाने के लिए ही राज्य सरकार के निर्देश पर हर शनिवार थानों में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है, ताकी जमीन विवाद के मामलों को आपसी समझौते से निपटा कम किया जाए।

वहीं, सरकारी व सार्वजनिक उपयोग की जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा कई बार चेतावनी दी गई है, बावजूद इस मामले में प्रशासन की चुप्पी से कई सवाल खड़े हो रहे है। अब देखना है कि नये जिलाधिकारी के संज्ञान में आने के बाद जिला प्रशासन व अंचल प्रशासन द्वारा किस तरह से इस विवाद का निपटारा कराया जा रहा है।

## विश्व योग दिवस के अवसर पर पीएसपी के सदस्यों को मिली आसनों की जानकारी, बोले डीएमओ...

# नियमित रूप से योग करने से शरीर में बढ़ती है बीमारियों से लड़ने की रोग प्रतिरोधक क्षमता



### ♦ जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सीएचओ के नेतृत्व में फाइलेरिया मरीजों व ग्रामीणों ने किया योगाभ्यास

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जगह जगह योग शिविरों का संचालन किया गया। इसके तहत जिले के सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) पर भी योग शिविर का आयोजन किया गया। इस क्रम में डुमरांव व इटाढी प्रखंड अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर अंतर्गत गठित रोगी हितधारक मंच (पेशेंट स्टेक होल्डर प्लेटफॉर्म) के सदस्यों ने संबंधित सीएचओ के नेतृत्व में योग आसनों और प्राणायाम की जानकारी दी गई। इनमें डुमरांव प्रखंड अंतर्गत कोरान सराय, नंदन व धरहरा एचडब्ल्यूसी के अलावा इटाढी प्रखंड के हरपुर, महिला व उन्वास एचडब्ल्यूसी पर शिविर का आयोजन किया गया।

इस क्रम में जिला वेक्टर जनित नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने बताया कि आज की भागदौड़ भरे जीवन में तनाव, खानपान और अन्य कारणों से विभिन्न प्रकार की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। जिसके कारण कहीं न कहीं लोगों को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में लोगों को अपने दैनिक जीवन में योग और प्राणायाम को शामिल करना होगा। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से योग करने से शरीर में बीमारियों से लड़ने की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है।

**विभिन्न योग मुद्राओं का कराया गया अभ्यास:** वहीं, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयोजित शिविर में आए रोगी हितधारक मंच के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, युवाओं व अन्य ग्रामीणों ने योग के विभिन्न आसन और मुद्राओं के संबंध में भी जाना। इसके लिये सीएचओ और योग प्रशिक्षकों की अगुवाई में योग शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान योग के महत्व के बारे में जानकारी देने के साथ ही शिविर में उपस्थित पीएसपी सदस्यों, फाइलेरिया मरीजों और ग्रामीणों को विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। शिविर में उपस्थित लोगों को विभिन्न योग मुद्राएं जैसे अनुलोम-विलोम, सूर्य नमस्कार, कपालभाति इत्यादि का अभ्यास कराया गया। साथ ही, ग्रामीणों को वर्तमान अस्वस्थ जीवनशैली के दौर में योग पर ध्यान देने की सलाह दी।

### मासनिक व शारीरिक रूप से रहेंगे स्वस्थ

डुमरांव प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरबी प्रसाद ने बताया, विभागीय निर्देश के तहत लाभुकों व मरीजों में योग के प्रति रुचि बढ़ाने के लिये इस तरह की गतिविधियां काफी जरूरी हैं। योग से तन व मन को स्वस्थ रखा जा सकता है। यदि आम लोग को भी नियमित रूप से योग करने की आदत डालेंगे, तो वह कई बीमारियों से दूर रहेंगे। साथ ही उनका शारीरिक व मानसिक विकास भी तेजी से होगा। इसलिए योग केवल वयस्कों और बुजुर्गों को ही नहीं बल्कि बच्चों, किशोर व युवाओं को भी करनी चाहिए। विशेष कर महिलाओं, किशोरियों व गर्भवतियों को भी योग करने की सलाह दी जाती है। ताकि, इसके माध्यम से वो स्वास्थ्य रह सकें।

### जीवन के लिए योग कीजिए लोकतंत्र के लिए वोट कीजिए

**बक्सर।** 11वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को वन प्रक्षेत्र बक्सर एवं जिला गंगा समिति के संयुक्त तत्वावधान में कवलदह पार्क, बक्सर में योग शिविर का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 का थीम, एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के तहत स्वीप आइकन अभिराम सुंदर के द्वारा उपस्थित लोगों को योग कराया गया। अभिराम ने वर्ष 2014 से आयोजित होने वाले योग दिवस के महत्त्व से सभी उपस्थित लोगों को अवगत कराया एवं कहा कि निरोग रहने के लिए सभी को योग करना चाहिए है। उन्होंने कहा कि योग सभी आयु वर्ग के लोग कर सकते है। वहीं, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी सुरेश कुमार ने कहां कि योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करना आवश्यक है। उप निर्वाचन पदाधिकारी मनिरूल शेख ने योग और प्राणायाम करने के स्वास्थ्य संबंधी फायदों के बारे में बताया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उपस्थित सभी लोगों को वोट करने की शपथ



दिलाई गई। कार्यक्रम के माध्यम से सभी मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने का अपील किया गया, ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में लोकतंत्र की मजबूती में सहभागी बन सकें। योग कार्यक्रम में नगरवासियों ने बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया। उक्त अवसर पर शैलेश कुमार राय, जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति बक्सर, वनरक्षी नीतीश कुमार, अनीश कुमार, रामशरण, आशीष कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अधिकारियों और आमजन ने किया योग

डुमरांव। शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कई स्थानों पर योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम ष्एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्यष रखी गई थी, जो वैश्विक स्वास्थ्य एवं सामूहिक चेतना की भावना को दशार्ता है। डुमरांव डीएवी स्कूल में प्रमुख योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार और बीडीओ संदीप कुमार पांडेय स्वयं उपस्थित होकर योगाभ्यास में भाग लिए। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक विकास का भी माध्यम है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं।

### योग से जीवन, मतदान से लोकतंत्र को करें मजबूत



**केटी न्यूज/डुमरांव**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर डुमरांव में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार ने भाग लिया।

इस मौके पर एसडीएम ने योग के संबंध में कई अहम जानकारियां दी एवं इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने का अनुरोध उपस्थित लोगो से किया। इसके साथ ही एसडीएम ने सभी मतदाताओं से हर हाल में मतदान करने की अपील की। एसडीएम ने कहा कि शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए जिस तरह से योग जरूरी है, उसी तरह लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान भी जरूरी है। उन्होने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील भी किए। मौके पर दर्जनों लोगों ने योग के कई आसनों का अभ्यास किया तथा नियमित योग करने की शपथ ली।

## एक नजर

### बिहार सरकार का बड़ा फैसला, दिव्यांग, वृद्ध एवं विधवा को मिलेगा 1100 रुपये पेंशन



**डुमरांव।** बिहार सरकार ने दिव्यांग, वृद्ध एवं विधवाओं को जो पेंशन 400 रूपया प्रतिमाह देती थी, उसे बढ़ाकर 11 सौ रुपये कर दिया है। इसको लेकर दिव्यांगों में काफी हर्ष है। दिव्यांग संघ के जिलाध्यक्ष सह कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अगस्त उपाध्याय ने कहा कि नीतीश सरकार ने जो पेंशन बढ़ाने का फैसला लिया है काफी सराहनी है। संघ के लोगों का कहना है कि दशकों से हमारी मांग रही है कि पेंशन की राशि को 3 हजार किया जाए, साथ ही दिव्यांगों को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य में प्राथमिकता देते हुए उससे जोड़कर न्याय किया जाए। वहीं प्रत्येक दिव्यांग को 200 यूनिट बिजली मुफ्त मुहैया कराया जाए। प्रत्येक जिले में दिव्यांग आश्रम बनाया जाए जिससे राज्यभर के बेसहारा, बेघर दिव्यांगों को इसका लाभ मिल सके। मौके दिव्यांग के प्रखंड अध्यक्ष विष्णू पासवान, अनुमंडल अध्यक्ष विशोका चंद, महिला अध्यक्ष अंजलि कुमारी, टुनटुन यादव, उमेश सिंह, आरति कुमारी, दुर्गावती देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

### घरों में घुसा बारिश का पानी, परेशान हुए लोग

**डुमरांव।** बरसात ने नगर परिषद के सफाई की पोल खोल कर रख दिया है। शहर का कोई भी ऐसान नाला नहीं जो जाम नहीं रहा। शहर की मुख्य हो या संपर्क सड़क शनिवार को हुई बारिश में पानी से डूबे हुए थे। जब रोड पर पानी जमा हो गया तो लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। वहीं जमा पानी रोड के नीचे जिसकी दूकान और घर था, उसमें पानी प्रवेश कर गया, जिससे लोगों को जहां लाखों



का नुकसान सहना पड़ गया वहीं कई लोगों खाने, पीने और सोने के बिस्तर भी बर्बाद हो गए। लोगों का कहना था कि नाला की सफाई और रोड बन गया रहता तो इतनी गंभीर समस्या का सामना नगरवासियों को नहीं करना पड़ता। कई लोगों ने यह भी बताया की नप बरसात से होने वाले नुकसान के संबंध में पहले से ही जानकारी लेकर उस पर काम करते रहता तो इतना नुकसान नहीं होता। नगर के स्टेशन रोड, गोला रोड, सुमित्रा कॉलेज रोड, पुराना थाना रोड, भट्टी खाना रोड, जंगल बाजार रोड, छठिया पोखरा रोड में जलजमाव की समस्या शनिवार को पूरे दिन बनी रही। नगर परिषद लोगों की इस परेशानी को दूर करने के लिये नहीं कोई तैयारी कर रखी है और नहीं कोई ठोस कदम ही उठाया है। नाली की सफाई गहराई तक कर जमा मलवा को निकाल दिया गया रहता तो ऐसी नौबत ही नहीं आती।

### जनसंवाद कार्यक्रम में नगर परिषद विस्तारित क्षेत्र के लोगों ने जमकर की शिकायत

**डुमरांव।** नगर के विभिन्न वार्डों में लोगों की समस्या को सुनने और उस पर त्वरित कार्रवाई करने को लेकर जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। शनिवार को अंतिम जन संवाद कार्यक्रम नप के विस्तारित क्षेत्र के वार्ड 16 में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वार्ड में शामिल बनकट और महरौरा गांव के लोग मौजूद थे, जिन्होंने सबसे पहले पेयजल संकट को दूर करने की आवाज उठाई वहीं कुछ लोगों ने आवास योजना का लाभ नहीं मिलने की बात करते हुए, इसे दिलाने की मांग किया। ग्रामीणों का कहना था कि बनकट गांव में पेयजल की समस्या काफी गंभीर है, इसे दूर करने के लिये कोई पहल नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं सफाई के नाम पर कोरम पूरा किया जाता है। प्रतिदिन सफाई के बदले सप्ताह में एक या दो दिन ही कर्मी आते हैं, कभी-कभी तो सप्ताह गुजर जाने के बाद भी नहीं आते। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से जरूरतमंद लोग वंचित हैं, बाप-दादा की पुस्तैनी जमीन पर योजना का लाभ नहीं दिया जाता है। नगर में रहते हुए भी शहरी सुख पाने से गांव के लोग वंचित हैं। वार्ड 16 में एक भी हाइमास्ट लाइट नहीं लगा है, जरूरत को देखते हुए शीघ्र लगाया जाए। नाली की समुचित व्यवस्था नहीं होने से रोड पर पानी जमा हो जाता है, जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से होगी बचत

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

बिजली उपभोक्ता सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अपना घर रौशन कर सकते हैं। सूर्यपुरा प्रखंड के रतनपट्टी निवासी संतोष कुमार सिंह के परिसर मे पूर्व में सोलर पैनल अधिष्ठापित की गयी थी तथा पीएम सूर्य घर योजना से प्रभावित होकर पुन: तीन किलोवाट का सोलर पैनल अधिष्ठापित कराए हैं। उपभोक्ता के अनुसार पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली बहुत ही फायदेमंद है।

विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ब्रवीम ने बताया कि सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना संयंत्र लगाने पर लोगों को अनुदान मिलेगा। एक, दो व तीन किवा के सोलर पैनल पर 30 से 78 हजार तक की सब्सिडी मिलेगी। बैंकों की ओर से ऋण राशि की वसूली शहरी क्षेत्रों में चार से पांच वर्षों में एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सात से आठ वर्षों में की जाएगी। एक किवा पर 30 हजार, दो किवा पर 60 हजार व तीन किवा या उससे अधिक पर 78 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाएगी।

## वीकेएसयू में क्रय भुगतान जांच हेतु पहुंची बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति

**केटी न्यूज/आरा**

बिहार विधान परिषद की शिक्षा समिति शनिवार को वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में दो वित्तीय वर्ष में हुए भुगतान के रिकॉर्ड की जांच की। समिति सुबह 11.30 बजे सर्किट हाउस पहुंच गई थी। यहां विवि के सभी पदाधिकारियों को रिकॉर्ड के साथ उपस्थित होने के लिए कहा गया था।

कुलपति प्रो शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी सहित सभी अधिकारी मौजूद थे। वित्तीय वर्ष 2023-24 व 2024-25 में विवि की ओर से किए गए क्रय व खर्च के साथ ही वेतन-पेंशन भुगतान का विवरण मांगा गया। बैठक में विवि के कुलपति,



कुलसचिव, वित्त परामर्शी व वित्त पदाधिकारी को बुलाया गया था।मालूम हो कि विधान परिषद की ओर से इसकी जानकारी पूर्व में ही विवि को दी गयी थी। इसके बाद विवि में रिकॉर्ड तैयार करने की कवायद शुरू हो गयी थी। बिहार विधान परिषद के उप सचिव शंकर कुमार की ओर से विवि को इस संबंध में पत्र भेजा गया था।

मौके पर यूएमआइएस के संचालन, करार व इसके कार्य की जानकारी ली गई। आउटसोर्सिंग एजेंसियों के चयन, अनुबंध व कोटिवार पारिश्रमिक भुगतान, ऑटोमेशन सिस्टम पर खर्च, पुस्तक व इ-बुक क्रय पर खर्च व उत्तर पुस्तिका के क्रय पर खर्च का ब्योरा मांगा गया। वीकेएसयू को सात दिनों के भीतर विधान परिषद सचिवालय को रिपोर्ट भेजना है। मौके पर शिक्षा कमेटी के संयोजक डॉ संजीव कुमार सिंह, एमएलसी राधा चरण साह, बिहार विधान परिषद की सदस्य प्रो संजय कुमार सिंह, नवल किशोर यादव, प्रो वीरेंद्र नारायण यादव, कुमार नागेंद्र मौजूद रहे।

## आरा में राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो 2025 का भव्य आगाज

# एक्सपो में परिवार संग आएं लोग: महापौर

**केटी नयूज/आरा**

भोजपुर जिला मुख्यालय स्थित रमना मैदान हनुमान मंदिर परिसर में शनिवार को राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो 2025 का रंगारंग शुभारंभ हुआ। इस भव्य आयोजन का उद्घाटन नगर निगम की महापौर इंदु देवी और आयोजन व्यवस्थापक मनीष यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर महापौर को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि यह मेला आरा शहरवासियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जहां एक ही स्थान पर देश के विभिन्न हिस्सों की कला, संस्कृति और



परंपरा की झलक मिल रही है। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए लोगों से अपील की कि वे परिवार सहित अवश्य यहां आएं और खरीदारी करें।

**देशभर से जुटे शिल्पकार, सजी बहुआयामी प्रदर्शनी:** इस एक्सपो की खासियत यह रही कि इसमें तमिलनाडु की प्रसिद्ध बेडशीट, बनारस की सिल्क साड़ियां, बॉम्बे की आर्टिफिशियल ज्वेलरी, जयपुर का मुखवास, खादी ग्रामोद्योग के हस्तनिर्मित वस्त्र, लेडीज पर्स, फैशनेबल बैंगल्स, रंग-बिरंगे टैटू शॉप, सैंडल, नमकीन, फर्नीचर आदि से सजे सैकड़ों स्टॉल लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।

**ग्राहकों को मिल रहे हैं किफायती और उत्कृष्ट विकल्प:** आयोजक मनीष यादव ने बताया कि यह पहला अवसर है जब इस तरह का राष्ट्रीय स्तर का एक्सपो आरा शहर में आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य न केवल देश की विविध संस्कृति और उत्पादों को एक मंच पर लाना है, बल्कि भोजपुर जिले के लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुएं किफायती दामों पर उपलब्ध कराना भी है। एक्सपो में प्रवेश और पार्किंग पूर्णतः निःशुल्क रखी गई है ताकि हर वर्ग के लोग बिना किसी परेशानी के मेला देख सकें और खरीदारी का आनंद उठा सकें।

**आर्थिक और सांस्कृतिक विकास की ओर एक सार्थक पहल:** यह एक्सपो केवल एक व्यावसायिक आयोजन न होकर स्थानीय नागरिकों और दस्तकारों के बीच सांस्कृतिक संवाद का माध्यम भी बन रहा है। इससे जहां ग्राहकों को देशभर की पारंपरिक और आधुनिक वस्तुओं से जुड़ने का अवसर मिला है, वहीं शिल्पकारों को अपने उत्पादों को नए बाजार में प्रस्तुत करने का मंच भी मिला है।

मेले का संदेश: लोकल को ग्लोबल से जोड़ना: राष्ट्रीय आर्ट एंड क्राफ्ट कॉटन सिल्क एक्सपो 2025 भोजपुर जिले के लिए न केवल खरीदारी का एक अनोखा अनुभव है, बल्कि यह आयोजन ह्यलोकल फॉर वोकलह्व जैसे अभियानों को भी मजबूती देता है। इस मेले का समापन आगामी सप्ताह में प्रस्तावित है, लेकिन फिलहाल शहरवासियों के बीच इसकी लोकप्रियता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON
Affiliated to C.B.S.E., Delhi, Up to (10+2)- Aff. No. 330723, SCHOOL No. 65720
Harnahi Road, Dumraon, Buxar - 802119
8210918840, 7319972175, 6393686958 www.cambridgeschooldumraon.com facebook.com/CAMBRIDGEDUMRAON
A CO-EDUCATIONAL SCHOOL FROM NURSERY TO STD. XII
ADMISSION NOTICE FOR STD. XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS)
OUTSTANDING PERFORMANCE OF OUR STUDENTS IN AISSE (Std. X) & AISSCE (Std. XII) CBSE BOARD EXAMS 2025
SCHOOL TOPPER- STD. XII
SUBJECT WISE HIGHEST MARKS IN STD. XII
Chemistry : 98 Biology : 91
English Core : 97 Physics : 91
Physical Education : 96 Business Studies : 86
Mathematics : 92 Economics : 83
92%
TOPPERS- STD. X
1st 95.2% · 2nd 94.8% · 2nd 94.8% · 2nd 94.8% · 3rd 94% · 3rd 94%
SUBJECTWISE HIGHEST MARKS
• Mathematics : 100 • Sanskrit : 100 • Social Science : 97
• Science : 100 • English : 95 • Hindi : 94
INFORMATION
The Information & Admission Cell at the JUNIOR WING, Dr. Jagnarayan Singh Hospital Campus, will remain open on all working days (Mon. - Sat.) from 9:00 am - 01:00 pm also during Summer Vacation.
LIMITED SEATS. HURRY UP!!!
REGISTRATION IS GOING ON FOR ADMISSION TO CLASS XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS) FOR THE ACADEMIC SESSION 2025-26. CLASSES WILL START FROM 23 JUNE, 2025.
SCHOLARSHIP SCHEME
• CANDIDATES WITH 90% & ABOVE WILL BE GIVEN HALF FREESHIP (50% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE) FOR BOTH CLASSES XI & XII. OTHER CHARGES ARE PAYABLE FOR BOTH CLASSES.
• INTEGRTION OF FOUNDATION CLASSES FOR NEET AND JEE MAINS IN CURRICULUM.
CHAIRMAN- MR. T.N. CHOUBEY

# महिला संवाद से महिलाओं की आकांक्षाएं आयीं सामने : सीएम नीतीश

- राज्य के सभी 38 जिलों में 70 हजार जगहों पर 'महिला संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया
- 1 करोड़ 56 लाख महिलाएं इससे जुड़ीं और अपनी बातें रखीं

केटी न्यूज/पटना

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि शुरू से ही हम लोगों ने महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया है। वर्ष 2006 में पंचायती राज संस्थाओं एवं वर्ष 2007 में नगर निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण से शुरूआत की गयी। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से 'महिला संवाद' कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के दौरान पदाधिकारियों को निर्देश दिया था कि गांव-गांव जाकर महिलाओं से संवाद करें और उन्हें सरकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दें। साथ ही जिन लोगों को सरकारी योजना का लाभ नहीं मिल रहा है उन्हें लाभ मिलना सुनिश्चित कराएं। लोगों की समस्याओं के संबंध में भी जानकारी लें और उसके समाधान का उपाय करें। मुख्यमंत्री के निर्देश



के आलोक में 18 अप्रैल से 20 जून तक राज्य के सभी 38 जिलों में 70 हजार जगहों पर 'महिला संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 1 करोड़ 56 लाख महिलाएं इससे जुड़ीं और अपनी बातें रखीं। समीक्षा बैठक में सृष्टि जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, गोपालगंज की प्रतिनिधि मुनेजा बेगम, आराधना जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, जमुई की प्रतिनिधि पार्वती देवी, सत्याग्रह महिला स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, पश्चिम चंपारण की प्रतिनिधि रंजीता काजी एवं संस्कार जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ, खगड़िया की प्रतिनिधि पिंकी देवी ने अपने-अपने सुझाव और विचार रखे। इस दौरान सभी ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने साइकिल योजना, पोशाक योजना और छात्रवृत्ति योजना सहित कई योजनाएं छात्राओं के उत्थान के लिए चलाईं। हमलोगों को शौचालय के रूप में सम्मान घर मिला। आपने विश्व बैंक से कर्ज लेकर 'जीविका' का गठन किया और हम सब महिलाओं को स्वावलंबी बनाया एवं समाज में ऊंचा स्थान दिलाया।हम लोगों के जीवन में काफी सुधार आया है और इस मुकाम तक पहुंचे हैं कि आपके सामने अपनी बात रख रहे हैं। जन्म से लेकर बुढ़ापा तक महिलाओं के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जीविका निधि बैंक की स्थापना कराई गई है इससे मिलनेवाले ऋण से काफी लाभहो रहा है। 'महिला संवाद' कार्यक्रम के आयोजन से हम महिलाओं को काफी लाभ हुआ है। जो सरकारी योजनाओं से वंचित थे, उन्हें इसका लाभ मिलने लगा है। आपने जो महिलाओं को आरक्षण दिया है।

# बिहार प्रशासनिक सेवा के 105 अधिकारियों का हुआ तबादला

**पटना।** बिहार प्रशासनिक सेवा के 105 अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है। इनमें से 59 ऐसे अधिकारी हैं जो वेटिंग में थे, जिन्हें सरकार ने नए जगह पर पदस्थापित किया है। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। शिक्षा विभाग के निदेशक प्रशासन सुबोध चौधरी को विशेष सचिव शिक्षा विभाग के पद पर पदस्थापित किया गया था। मुख्यमंत्री को सुझाव देने वाले अधिकारी सुबोध कुमार को पूर्णिया भेजा गया है। इन्हें बंदोबस्त पदाधिकारी बनाया गया है। प्रभात कुमार जो अरवल के बंदोबस्त पदाधिकारी थे, इन्हें सहरसा का नगर आयुक्त बनाया गया है। बिहार सरकार ने प्रशासनिक सेवा के 105 अधिकारियों का तबादला किया है। वेटिंग में बैठे अफसरों को भी नई जिम्मेदारी दी गई है। सुबोध कुमार को पूर्णिया, प्रभात कुमार को सहरसा और सुबोध चौधरी को शिक्षा विभाग में नई पोस्टिंग मिली है। वहीं बक्सर में अपर समार्हता पद पर तैनात कुमारी अनुपम को पर्यवरण विभाग में विशेष कार्य पदाधिकारी पद पर भेजा गया है।

**मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बलथूआ में पुलिस 7 करोड़ का नकली सिगरेट किया जब्त**

# रोहतास में नकली सिगरेट फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो लोग गिरफ्तार

- नंबर 10 नामक के सिगरेट कंपनी के लाइसेंस पर अलग-अलग कई ब्रांडेड कंपनियों के सिगरेट बनाने का चल रहा था गोरखधंधा

केटी न्यूज/सासाराम

एक तो सिगरेट पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, ऊपर से यदि सिगरेट नकली पी रहे हो तो सोचिए वह शरीर को कितना नुकसान पहुंचाएगा। बिहार के रोहतास जिले में नकली सिगरेट बनाने का एक बड़ा रैकेट का खुलासा पुलिस ने किया है। सासाराम के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बलथूआ में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की और नकली सिगरेट फैक्ट्री का उद्भेदन किया। बताया जाता है कि नंबर 10 नामक के सिगरेट कंपनी के लाइसेंस पर अलग-अलग कई ब्रांडेड कंपनियों के सिगरेट बनाने का गोरखधंधे चल



रहा था। जिसमें करीब 7 करोड़ से अधिक मूल्य के ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर सिगरेट बनाए गये थे। ब्रांडेड कंपनियों के नकली सिगरेट के साथ-साथ सिगरेट बनाने के मशीन को भी बरामद किया गया है। रोहतास पुलिस ने नंबर 10 नामक सिगरेट कंपनी के संचालक गोपाल जी ओझा और उसके सुपरवाइजर राजेश कुमार मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है।

**बेसमेंट में चल रही थी फैक्ट्री:** पुलिस को सूचना मिली थी कि मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित वृंदावन मार्केट के बेसमेंट में सिगरेट बनाने की फैक्ट्री का संचालन हो रहा है। जब पुलिस ने विशेष टीम बनाकर छापेमारी की तब देखा कि नंबर10 नामक लोकल सिगरेट के नाम पर विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के सिगरेट वहां बनाए जा रहे हैं।

**28 मजदूर कर रहे थे काम**

पुलिस ने छापेमारी की तब फैक्ट्री में 28 मजदूर काम कर रहे थे। पहले पुलिस ने फैक्ट्री के सुपरवाइजर राजेश कुमार मिश्रा को हिरासत में लिया और पूछताछ की तब उसने पूरा भेद खोल दिया। इस मामले में नंबर10 नामक सिगरेट कंपनी के मालिक गोपालजी ओझा को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जो उत्तर प्रदेश के बलिया जिला के नरही थाना के सिंदुरिया गांव के रहने वाले है। वही सुपरवाइजर राजेश कुमार मिश्रा उत्तर प्रदेश के वाराणसी के बड़ागांव का रहने वाला है। पहले पुलिस ने बलथुआ की फैक्ट्री में छापामारी की। बाद में पुलिस ने वेदा के राजाराम कॉम्प्लेक्स में स्थित गोदाम में छापेमारी कर करीब 3 करोड़ रुपए का सिगरेट बरामद किया है। जो विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों का नकली सिगरेट था। रोहतास के एसपी रौशन कुमार ने बताया कि लोकल कंपनी के नाम पर रजिस्ट्रेशन होने के बावजूद ब्रांडेड कंपनियों के नकली सिगरेट बनाकर इसे सप्लाई किया जा रहा था। इस मामले में मालिक और सुपरवाइजर को गिरफ्तार कर लिया गया है। करीब 7 करोड़ से अधिक के सिगरेट बरामद किया गया है, वही कई मशीनों को भी जब्त किया है। वहीं दूसरी ओर इस बरामदगी के बाद पुलिस अन्य जगहों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि इस बात का सुराग मिला है कि नकली सामग्री धड़ल्ले से बनायी जा रही है।

## ट्रक की टक्कर से एक भाई की मौत, दूसरा घायल

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर के रोसरा मुख्य पथ पर अंगार घाट थाना क्षेत्र के राजेश्वर चौक के पास ट्रक की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई। जबकि, दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर चौथ टाड़ा गांव निवासी स्वर्गीय रंजीत राय का बेटा प्रियांशु कुमार (18) के रूप में की गई है। जबकि, जख्मी उमेश राय का बेटा गोलू कुमार है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया।







# खगड़िया में पुलिस और अपराधियों के बीच मुठभेड़, दो गिरफ्तार, हथियार बरामद

केटी न्यूज/खगड़िया

खगड़िया के परबत्ता थाना क्षेत्र में बुधवार की रात पुलिस ने नशे और अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात अपराधी गुड्डु सिंह उर्फ टाइगर की गिरफ्तारी के लिए श्रीरामपुर ठुठी गांव में छापेमारी की। एसपी राकेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि गुप्त सूचना मिली थी कि गुड्डु सिंह अपने दो साथियों के साथ पल्सर बाइक से गांव आया है। इसी आधार पर परबत्ता पुलिस सशस्त्र बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस को देख तीनों अपराधी बाइक से भागने लगे और तेमथा करारी गांव के पास एक चिमनी के निकट बाइक छोड़कर खेत की ओर भागते हुए पुलिस पर फायरिंग करने लगे। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की और इलाके की घेराबंदी कर दो अपराधियों सेन्टु कुमार और राकेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों बिहपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव के रहने वाले हैं। मौके से दो लोडेड देसी कट्टा, चार जिंदा कारतूस, चार मोबाइल फोन और एक पल्सर बाइक बरामद की गई है। मुख्य आरोपी गुड्डु सिंह उर्फ टाइगर अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। इस मामले में परबत्ता थाना में प्राथमिक दर्ज की



गई है। गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

**शराब पार्टी की तैयारी कर रहे पांच युवक भी गिरफ्तार:** गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ में जानकारी मिली कि वे टोमधा कराटी स्थित निषाद टोला में लक्ष्मण कुमार के घर शराब पार्टी की योजना बना रहे थे। इस सूचना पर पुलिस ने लक्ष्मण कुमार के ठिकाने पर छापेमारी की और वहां से नशे की हालत में पांच युवकों को 10 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवकों में लक्ष्मण कुमार, विकास मंडल, मुकेश कुमार, ललन मंडल और सिन्दु मंडल शामिल हैं। सभी खगड़िया जिले के निवासी हैं। इस मामले में परबत्ता थाना में बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## जहानाबाद-नालंदा में बाढ़ की स्थिति, 7 अधिकारी निलंबित

**जहानाबाद।** जहानाबाद और नालंदा जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। झारखंड में पिछले चार दिनों से हो रही अत्यधिक बारिश के कारण राज्य की प्रमुख नदियों का जलस्तर खतरनाक रूप से बढ़ गया है, जिससे छह स्थानों पर तटबंध और बांध क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गंभीर स्थिति को देखते हुए जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने शनिवार को आपातकालीन बैठक बुलाई। उन्होंने राहत काम को युद्धस्तर पर शुरू करने के निर्देश दिए हैं। जहानाबाद-नालंदा में बाढ़ की स्थिति है। जल संसाधन मंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि विभागीय जांच में पाया गया है कि कार्यपालक अभियंता बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल एकंगरसराय व संबंधित कनीय अभियंताओं की ओर से तटबंधों की सुरक्षा में घोर लापरवाही बरती गई है।

**शिक्षा विभाग के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने जारी किया आदेश**

# शिक्षकों के स्थानांतरण पर शिक्षा विभाग का बड़ा आदेश, 30 जून तक करना होगा योगदान

- शिक्षकों को स्थानांतरित का आदेश ई-शिक्षाकोष पोर्टल के माध्यम से किया गया है निर्गत

केटी न्यूज/पटना

बिहार शिक्षा विभाग के प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने विशेष कारणों से स्थानांतरित शिक्षकों के लिए स्थानांतरण व पदस्थापन आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश ई-शिक्षाकोष पोर्टल के माध्यम से निर्गत किया गया है, और शिक्षकों को स्थानांतरित विद्यालय में 30 जून 2025 तक योगदान देना अनिवार्य होगा। निदेशक (प्राथमिक शिक्षा) साहिला द्वारा हस्ताक्षरित आदेश के अनुसार, संबंधित शिक्षक ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर लॉग इन करके अपना स्थानांतरण आदेश व योगदान



प्रतिवेदन प्रपत्र डाउनलोड करेंगे। शिक्षक उस प्रपत्र पर हस्ताक्षर कर नवपदस्थापित विद्यालय के प्रधानाध्यापक से प्रतिहस्ताक्षर कराएंगे और उसे पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

**जो शिक्षक योगदान नहीं करना चाहते, उन्हें देनी होगी घोषणा :** ऐसे शिक्षक जो स्थानांतरित विद्यालय में योगदान नहीं देना चाहते, उन्हें पोर्टल से घोषणा पत्र डाउनलोड कर हस्ताक्षर करना होगा और उसे अपलोड करना होगा। ऐसे शिक्षक अगले एक वर्ष तक ऐच्छिक स्थानांतरण के लिए अयोग्य माने जाएंगे और अपने पुराने विद्यालय में यथावत बने रहेंगे।

**अवकाश पर चल रहे शिक्षकों के लिए विशेष व्यवस्था :** जो शिक्षक वर्तमान में अध्ययन अवकाश, मातृत्व अवकाश, उपार्जित अवकाश आदि पर हैं, वे ई-शिक्षाकोष से डाउनलोड किए गए योगदान प्रतिवेदन पर हस्ताक्षर कर प्रधानाध्यापक को ईमेल या अन्य माध्यम से भेजेंगे। प्रधानाध्यापक अंकित करते हुए उसे प्रतिहस्ताक्षर कर वापस भेजेंगे। शिक्षक इसे पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

**30 जून तक अनिवार्य है निर्णय :** शिक्षकों को 30 जून 2025 (सोमवार) तक या तो स्थानांतरण विद्यालय में योगदान करना होगा या नहीं करने की घोषणा पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। ऐसा नहीं करने वालों का स्थानांतरण 1 जुलाई 2025 से स्वतः रद्द मान लिया जाएगा। शिक्षक द्वारा योगदान की तिथि ई-शिक्षाकोष पोर्टल पर दर्ज करते ही, उन्हें अपने पूर्व विद्यालय से स्वतः विरमित माना जाएगा। इसमें देर करने वाले इस सुविधा से वंचित भी हो सकते है। इसके लिए शिक्षकों को सजग रहना होगा।



## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड हाईकोर्ट का होगा सुरक्षा ऑडिट, गृह विभाग ने लिखा पत्र

रांची, एजेंसी। झारखंड हाईकोर्ट में सुरक्षा ऑडिट होगा। गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने राज्य के डीजीपी एवं जैप आईआी के सीईओ को इसके लिए पत्र लिखा है। कहा है कि सुरक्षा के उद्देश्य हाई कोर्ट में लगे सुरक्षा उपकरणों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए सुरक्षा ऑडिट कराया जाए। इसके पूर्व झारखंड ?हाई कोर्ट के महानिबंधक ने मीडिया में आई खबरों के बाद गृह विभाग को सुरक्षा ऑडिट को लेकर पत्र लिखा था।महानिबंधक ने गृह विभाग को लिखे गए पत्र में कहा है कि मीडिया में आई खबर के अनुसार उच्च न्यायालय परिसर में लगाए गए सुरक्षा उपकरणों की स्थापना के संबंध में गंभीर आरोप लगाए गए हैं। यदि ऐसा है, तो यह बहुत चिंता का विषय है। इसलिए झारखंड हाई कोर्ट का सुरक्षा ऑडिट करवाएं। झारखंड हाई कोर्ट के महानिबंधक का पत्र मिलने के बाद ही गृह विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस महानिदेशक एवं जैप आईटी को सुरक्षा ऑडिट को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। पत्र के साथ झारखंड उच्च न्यायालय के महानिबंधक का पत्र भी संलग्न किया गया है। जिसमें मीडिया में प्रकाशित खबर का उल्लेख करते हुए उच्च न्यायालय, झारखंड की सुरक्षा ऑडिट करने को कहा गया है। गृह विभाग ने पत्र के माध्यम से डीजीपी एवं जैप आईटी के सीईओ को कहा है कि उल्लेखित मामले की जांच के उपरांत आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सुरक्षा ऑडिट करने का निर्देश दिया।

### कोडरमा पुलिस ने 80 लाख की लूटकांड का किया खुलासा, पांच आरोपी बिहार से गिरफ्तार



कोडरमा, एजेंसी। 15 जून की रात बिहार के छपरा जिले के जेवर व्यवसायी से कोडरमा घाटी में हुए 80 लाख रुपए के सोने की लूट के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। साथ ही पुलिस ने सोना लूटकांड को अंजाम देने वाले 5 अपराधियों के साथ लूट के 673 ग्राम सोने के बिस्किट को भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस लूटकांड में इस्तेमाल की गई दो कार को भी बरामद करने में सफलता पाई है। बता दें कि 15 जून को बिहार के छपरा के जेवर व्यवसायी दीपक कुमार गुप्ता से कोडरमा घाटी में तकरीबन 80 लाख रुपए के सोने की लूट कर ली गई थी। इस लूटकांड को तब अंजाम दिया गया था, जब वे अपने एक स्टाफ के साथ कोलकाता से सोने की बिस्किट लेकर वापस बिहार के छपरा लौट रहे थे। पुलिस को दिए बयान में व्यवसायी ने बताया था कि वे अपने एक स्टाफ के साथ कोलकाता से सोने की बिस्किट लेकर वापस छपरा लौट रहें थे। इस दौरान कोडरमा घाटी में उनकी कार खराब हो गई। मौके पर कुछ लोग उनके पास मदद करने की ख्याल से पहुंचे और उनसे सोने की बिस्किट की लूट कर ली। इधर मामले का उद्भेदन करते हुए कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि कोडरमा घाटी में जेवर व्यवसायी की कार खराब हो गई थी। जिसके बाद पकड़े गए पांच में से दो अपराधी मदद करने की नीयत से व्यवसायी के पास पहुंचे और गाड़ी ठीक करने में मदद करने लगे। इसी दौरान उन दोनों को व्यवसायी के पास भारी मात्रा में सोना होने की भनक लगी। जिसके बाद उन दोनों ने अपने कुछ साथियो को बुलाया और व्यवसायी के साथ मारपीट करते हुए सोने की लूट कर मौके से फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलने के बाद एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ अनिल कुमार की अगुवाई में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने छापेमारी करते हुए बिहार के नवादा जिले के रजौली से 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही उनके पास से लूटे गए सोने को बरामद करने में सफलता पाई। एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जेवर व्यवसायी से लूटी गई सोने को बरामद किया गया। पुलिस ने लूट की बरामद की गई सोने की कीमत 70 लाख रुपए बताई है।

# अमूल ब्रांड की तरह झारखंड में भी एक बड़ा ब्रांड स्थापित करने की हो कोशिश : मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू

**रांची, एजेंसी।** झारखंड राज्य गौ सेवा आयोग द्वारा %पारिस्थितिकी संतुलन एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में गो सेवा के क्षेत्र में उभरती चुनौतियां एवं संभावनाएं% विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया। हेसाग स्थित पशुपालन निदेशालय भवन के सभागार में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के अंतिम दिन राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने देशभर से रांची आए विशेषज्ञों, साइंटिस्टों का स्वागत करते हुए इस बात पर खुशी जताई कि झारखंड में गौ सेवा आयोग ने इस तरह का आयोजन किया है।

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि भारत सनातन संस्कृति का देश रहा है। मानव को आश्रय, भोजन, छांव ईश्वरीय कृपा से ही मिलता है। हम सब गाय को भी माता का दर्जा देते आये हैं और मां के साथ-साथ गौ माता को भी ईश्वर का दर्जा देते हैं। प्रकृति को ईश्वर की प्रत्यक्ष उपस्थिति मानते हैं और गौ माता के दूध, गोबर का सनातन धर्म में विशिष्ट महत्व भी रहा है।

मंत्री ने कहा कि आज गौ सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा कर रहे हैं तो यह देखा जाना



जरूरी है कि गौ पालन को रोजगार से कैसे जोड़ा जाए। पहले गौ पालन एक सामान्य विषय था, पर अब इससे रोजगार को भी जोड़ना जरूरी है। शहरों में गौ पालन कई कारणों से दुरूह कार्य है। ऐसे में अब गौ पालन के जरिए नये अवसर पैदा करने की आवश्यकता है।

मंत्री सुदिव्य सोनू ने खुशी जताते कहा कि सफेद क्रांति (मिल्क क्रांति) और अमूल ब्रांड वाले राज्य गुजरात से एक्सपर्ट यहां आये हैं। यहां भी अमूल के बराबर का ब्रांड खड़ा किए जाने की जरूरत है। राज्य सरकार द्वारा सब्सिडी का लाभ कृषकों को दिए जाने और इसमें बिचौलिए तंत्र के हावी होने पर भी नगर विकास मंत्री ने चिंता जताई। मंत्री ने भरोसा जताते कहा कि इस वर्कशॉप के जरिए खुशनुमा ढांचा तैयार होगा और यहां के बच्चों के कुपोषण को दूर करने में मदद मिलेगी।

मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने मौके पर अलग-अलग राज्यों से आए साइंटिस्ट्स को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, उपाध्यक्ष राजू गिरी, आइसीएआर के प्रतिनिधि, पूर्व सांसद वल्लभभाई कथीरिया, आयोग के सचिव डॉ संजय प्रसाद, निबंधक डॉ मुकेश मिश्रा, पशु चिकित्सक डॉ प्रभात पांडेय, डॉ जय तिवारी, विभिन्न गोशालाओं के संचालक, किसान और अन्य भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जब वे केंद्र में मनमोहन सिंह सरकार में फूड प्रोसेसिंग मंत्री थे, उस समय भी इस विभाग के जरिए डेयरी, गौरक्षा पर कार्य हुए थे और इसे प्रोत्साहन दिया गया था। पूर्व मंत्री ने कहा कि दुनिया भर में हमारा देश दूध प्रोडक्शन में अग्रणी है। तब फूड प्रोसेसिंग मंत्रालय के जरिए जहां चारा संकट था, उस जगह चारा पैदावार के लिए सब्सिडी दी जाती थी। सुबोधकांत सहाय ने कहा कि अपने चार दशक से भी अधिक समय में उन्होंने देखा है कि संकल्पित होकर ही गौशालाओं का संचालन होता है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने झारखंड में ज्यादा डेयरी नहीं होने और इसके लिए गाय से पर्याप्त दूध नहीं होने की आशंका पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यहां से जो निचोड़ निकलेगा, वह आगामी कार्य योजना तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि भविष्य के लिए क्या सुधार करना है, वह यहां से सीख सकते हैं। कार्यशाला में केशव महतो कमलेश ने कहा कि जिस तरह से समुद्र मंथन से कामधेनु गाय निकली थी, उसी तरह इस कार्यशाला के जरिए महत्वपूर्ण इनपुट निकलेगा। जो झारखंड के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

झारखंड राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने आयोग के स्तर से किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला से मिले अनुभवों के आधार पर राज्य में गौ सेवा आयोग कई सकारात्मक कदम उठायेगा। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सरकार से पूरी मदद मिलेगी, इसकी उम्मीद है। आयोग के उपाध्यक्ष राजू गिरी ने कहा कि राज्य में गौ सेवा के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास और तेज होंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय झारखंड में महिला और पुरुष पशुपालकों के जरिए सफलता की नयी कहानियां लिखी जाएंगी।

## रिश्वत लेते आरएसईटीआई डायरेक्टर गिरफ्तार

### कैंटीन संचालक से 18प्रतिशत कमीशन मांगा, 20 हजार रुपए लेते सीबीआई ने पकड़ा



**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह में धनबाद सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर सह बैंक ऑफ इंडिया के सीनियर मैनेजर अभिषेक कमल को 20 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया। संस्थान में कैंटिन चलाने वाले मृत्युंजय पांडेय की ओर से शिकायत की गई थी। संस्थान के कैंटीन संचालक ने सीबीआई को बताया कि संस्थान में प्रशिक्षण कार्य के लिए उनका 2 लाख 42 हजार रुपए का पेमेंट बना था। डायरेक्टर ने पहले 10 प्रतिशत कमीशन की मांग की। कम करने की बात पर वह 18 प्रतिशत तक पहुंच गया। उसने कैंटीन छीनने की धमकी भी दी थी।

**सीबीआई ने की शिकायत की जांच की, फिर कार्रवाई :** सीबीआई एसपी पीके झा की ओर से मिली जानकारी के अनुसार शिकायत मिलने के बाद जांच में मामला सही पाया गया। टीम ने कल्याणडीह स्थित संस्थान में दबिश दी।

कार्रवाई के क्रम में कैंटीन संचालक ने 20 हजार रुपए घूस की रकम डायरेक्टर को नगद दे दिया गया। पैसे देते ही सीबीआई की टीम ने ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर को रंगे हाथ धर दबोचा।

**रांची सीबीआई करेगी आगे की कार्रवाई :** इधर मामले को लेकर सीबीआई एसपी ने बताया कि आगे की जांच पड़ताल की जिम्मेदारी रांची सीबीआई को दी गई है। सीबीआई धनबाद की टीम ने जिसे अरेस्ट किया है वह मूल रूप से हजारीबाग जिला के रहने वाले हैं। ऐसे में रांची के नजदीक होने की वजह से अब रांची सीबीआई की टीम उसके आवास पर जांच पड़ताल कर रही है। फिलहाल डायरेक्टर अभिषेक कमल को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# ओल की खेती से मालामाल किसान

## जौ की खेती से चार गुनी हुई आमदनी

**लातेहार, एजेंसी।** भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में एक कहावत प्रचलित थी कि खेती सबसे उत्तम कार्य होता है। इस बात को कई किसान आज भी चरितार्थ कर रहे हैं। लातेहार जिले के मनिका प्रखंड के अंतर्गत पोखरी गांव के किसान राजू कुमार चौरसिया एक ऐसे ही किसान हैं जो खेती के माध्यम से पूरे इलाके में अपनी अलग पहचान बना लिए हैं। उन्होंने इस वर्ष जौ की खेती कर अपनी आमदनी चार गुना बढ़ा ली है। 2 लाख रुपए से अधिक के ओल (जिमीकंद) की बिक्री उन्होंने की है। दरअसल अधिकांश किसान अभी भी पारंपरिक खेती पर ही निर्भर रहते हैं। इस कारण उनकी आमदनी बेहतर नहीं हो पाती है, जिससे लोग खेती किसानी के कार्य को कमतर आंकने लगते हैं।

**इसकी खेती से बम्पर आमदनी होती है :** परंतु मनिका प्रखंड के पोखरी गांव के रहने वाले राजू कुमार चौरसिया एक ऐसे कृषक हैं, जो खेती किसानी के कार्य के माध्यम से पूरे क्षेत्र में प्रचलित हो गए हैं। राजू चौरसिया ने इस वर्ष अपने आम के बागान में पेड़ों के बीच खाली पड़ी जमीन में ओल की खेती की थी। राजू चौरसिया बताते हैं कि ओल की खेती में उन्हें ज्यादा मेहनत भी नहीं करनी पड़ी और बम्पर आमदनी हो गई।राजू कुमार ने कहा कि सबसे पहले अपनी खाली पड़ी जमीन में उन्होंने ओल की खेती की। पूरी खेती में उन्हें लगभग 50 हजार रुपए की लागत आई होगी। परंतु कुछ ही समय के बाद जब ओल पूरी तरह तैयार हो गए तो उन्होंने 2 लाख रुपए से अधिक के ओल की बिक्री कर दी। अभी भी उनके खेतों में 25000 रुपए से अधिक के ओल लगे हुए हैं।

**खेती करना है आसान :** राजू कुमार ने बताया कि लागत मूल्य से चार से पांच गुना अधिक कमाई इस प्रकार



की खेती से आसानी से की जा सकती है। इसमें ज्यादा मेहनत भी नहीं है और इसके खरीदार भी आसानी से मिल जाते हैं।

**कमाई के बेहतर साधन हैं ओल और अदरक की खेती :** इधर, इस संबंध में जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह ने कहा कि जो भी किसान इस प्रकार की खेती करेंगे उन्हें काफी अच्छी आमदनी होगी। उन्होंने कहा कि किसानों को वह हमेशा कहते हैं कि अपने बागवानी में ओल, अदरक, हल्दी आदि की खेती जरूर करें। ऐसी खेती करने में लोगों को काफी कम मेहनत में काफी अच्छा मुनाफा हो सकता है। उन्होंने कहा कि विभाग के द्वारा भी इस प्रकार की खेती करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है और उन्हें मदद भी की जा रही है।

**शरीर के लिए लाभदायक है ओल, कई बीमारियों से करता है बचाव- डॉक्टर हरेंचन्द :** प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर हरेनचंद महतो ने बताया कि ओल स्वादिष्ट होने के साथ शरीर के लिए काफी लाभदायक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सब्जी को खाने से शरीर में सभी 18 प्रकार के आवश्यक तत्व मिल जाते हैं।

**ओल, डायबिटीज की बीमारी में फायदेमंद है :** ओल का सेवन मधुमेह या डायबिटीज में फायदेमंद होता है, क्योंकि इसमें एलेनटाउन तत्व पाया जाता है। वैज्ञानिक शोध के मुताबिक, यह तत्व एंटी-डायबिटिक प्रभाव वाला होता है। ओल में ऐसे औषधीय गुण पाए जाते हैं जो कैंसर से लड़ने में भी सहायक हैं। एलेनटाउन के अलावा इसमें एल-आर्जिनिन तत्व होता है, शरीर में प्रतिरोध क्षमता बढ़ाता है और कैंसर की रोकथाम में योगदान देता है। ओल में पर्याप्त मात्रा में फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया को संतुलित करता है।

# लागू होगी नई व्यवस्था : प्रखंड के सभी सीएचसी से खून व यूरीन का सैंपल सदर आएगा, 24 घंटे में मिलेगी रिपोर्ट

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची के सभी प्रखंडों में अब निश्शुल्क ब्लड-यूरीन समेत अन्य पैथोलॉजिकल व बायोकेमेस्ट्री टेस्ट आसानी से हो सकेंगे। क्योंकि जल्द ही सभी प्रखंड के सीएचसी-पीएचसी से खून व यूरीन के नमूने लेकर सदर अस्पताल भेजे जाएंगे। सदर अस्पताल के लैब में सभी सैंपलों की जांच होगी और 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट संबंधित लोगों को भेजना सुनिश्चित करेगी।

बीते दिनों रांची डीसी ने सदर अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक कर सभी प्रखंडों से सैंपल भेजने का निर्देश दिया था। इसी के बाद सिविल सर्जन द्वारा सैंपलों के ट्रांसपोर्टेशन और टेस्टिंग की



चेन स्थापित करने का प्रयास करना शुरू कर दिया गया है। सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि वर्तमान में सदर अस्पताल में सभी सैंपलों में बारकोडिंग होनी शुरू हो गई है। सभी सैंपल का ऑनलाइन रिकॉर्ड मेनटेन हो रहा है। प्रखंडों में उसी सॉफ्टवेयर का एक्सेस देने के लिए काम चल रहा है। जैसे ही सभी की लॉगिन जेनरेट होगी वैसे प्रखंडों में व्यवस्था लागू की जाएगी।

सैंपल देते समय जो मोबाइल नंबर देंगे, उसमें जाएगी रिपोर्ट वर्तमान समय में सैंपल टेस्ट के लिए देने के बाद रिपोर्ट के लिए 2-3 बार सीएचसी या अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। अस्पताल जाने के बाद पता चलता है कि रिपोर्ट अभी नहीं आई है। रिपोर्ट आने में समय लगेगा।

लोगों को इस परेशानी से तत्काल राहत मिल जाएगी। सैंपल देते समय अस्पताल के कर्मी नाम, पता के साथ मोबाइल नंबर भी लेंगे। व्यक्ति द्वारा जो नंबर दिए जाएंगे उस नंबर पर रिपोर्ट तैयार होते ही वाट्सएप पर पीडीएफ पहुंच जाएगा। इसका प्रिंटआउट लेकर आसानी से डॉक्टर से चिकित्सीय परामर्श ले सकेंगे। प्रिंटआउट नहीं लेने की स्थिति में सीएचसी जाने पर वहां प्रिंट निकालकर भी रिपोर्ट उपलब्ध करा दी जाएगी।

## झारखंड के 61 लाख यूज़र्स को रियल टाइम सुरक्षा : एयरटेल की एआई बेस्ड सुरक्षा प्रणाली कारगर, हर वर्ग के लिए मददगार होगा तकनीक



**रांची, एजेंसी।**झारखंड में बढ़ते ऑनलाइन फ्रॉड के बीच भारती एयरटेल ने राज्य के 61 लाख से अधिक मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों को साइबर अपराध से बचाने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। कंपनी की एआई-संचालित फ्रॉड डिटेक्शन प्रणाली के जरिए इन यूज़र्स को रियल टाइम में सुरक्षा प्रदान की गई है।

एयरटेल की यह पहल ऐसे समय पर अहम साबित हो रही है, जब राज्य के रांची, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर, गिरिडीह, हजारीबाग, रामगढ़, दुमका और चतरा जैसे जिलों में ऑनलाइन ठगी के मामलों में तेज़ी देखी जा रही है।

**ऑटोमैटिक रूप से होता है एक्टिवेट :** एयरटेल की उन्नत तकनीक सभी ग्राहकों के लिए ऑटोमैटिक रूप से एक्टिवेट होती है। यह एसएमएस, व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ईमेल और ब्राउज़र पर आने वाले फिशिंग लिंक को रियल टाइम में स्कैन कर 100 मिलीसेकंड में ब्लॉक कर देती है। यूज़र्स को एक चेतावनी संदेश पर रीडायरेक्ट किया जाता है, जिसमें बताया जाता है कि साइट को खतरनाक मानते हुए ब्लॉक कर दिया गया है। यह सिस्टम रोज़ाना एक अरब से ज्यादा यूआरएल का विश्लेषण करता है।

**हर वर्ग के लिए मददगार होगा तकनीक :** झारखंड जैसे डिजिटल रूप से उन्नत लेकिन साइबर खतरों से जूझते राज्य के लिए यह तकनीक सुरक्षा की एक मजबूत परत जोड़ रही है। एयरटेल के बिहार और झारखंड के सीईओ सुजय चक्रवर्ती ने कहा, हमने एक ऐसा समाधान तैयार किया है जो हर प्लेटफ़ॉर्म पर ग्राहकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाता है। हमें विश्वास है कि यह झारखंड के सभी वर्गों के लिए डिजिटल आत्मनिर्भरता और सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

**आप जिस भाषा में समझेंगे, उसी में बताएगा :** यह एआई-आधारित प्लेटफ़ॉर्म यूज़र्स को उनकी पसंदीदा भाषा, जैसे हिंदी, में फ्रॉड अलर्ट भेजता है। इससे यह ग्रामीण क्षेत्रों और कम डिजिटल साक्षरता वाले इलाकों में और भी प्रभावी हो गया है। यह सिस्टम बिना किसी इंस्टॉलेशन के बैकग्राउंड में काम करता है और पूरी तरह मुफ्त है। लॉन्च के महज 37 दिनों में एयरटेल ने पूरे देश में 1.88 लाख से अधिक खतरनाक लिंक्स ब्लॉक किए हैं और 8.6 करोड़ यूज़र्स को साइबर धोखाधड़ी से बचाया है।

# सिकिदिरी पावर प्लांट खराब : पर्याप्त पानी के बाद भी 25 दिन नहीं हो सकेगा उत्पादन, सुरक्षा के लिहाज से 28 फीट के लेवल पर ही फाटक थोड़ा खोल कर पानी बेकार बहाना पड़ा

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के पानी से चलने वाले एकमात्र हाइडल पावर प्लांट की स्थिति खराब है। इस वर्ष समय पर अच्छी बारिश हुई। डैम में भी पर्याप्त पानी जमा हो गया, इसके बावजूद बिजली उत्पादन कम से कम अगले 25-30 दिन तक नहीं हो सकेगा। क्योंकि यूनिट नंबर एक में खराबी आ गई है। चूंकि दोनों यूनिट सीरीज में हैं, दोनों यूनिट में पानी एक साथ जाता है और दोनों यूनिट से एक साथ बिजली उत्पादन होता है। प्लांट का यूनिट नंबर एक में पेन स्टोन की जाली में बड़ी खराबी आ गई है। पेन स्टॉक एरिया उसे कहते हैं, जहां पर पानी स्टोर होता है। इसलिए जब तक यूनिट नंबर एक ठीक नहीं हो जाती, तब तक यूनिट नंबर दो से भी उत्पादन शुरू नहीं हो सकता है।

बारिश के दिनों में गेतलसूद (रूक्का) डैम का पानी 25 फीट के ऊपर जाने के बाद ही सिकिदिरी हाइडल पावर प्लांट को बिजली उत्पादन के लिए पानी छोड़ा जाता है। पिछले तीन दिनों की बारिश के बाद 19 जून को डैम का लेवल 28.50 फीट और 20 जून को 30 फीट पर पानी का लेवल पहुंच गया, इसलिए डैम के दो गेट को आधा फीट एवं दोनों स्लूइस गेट को एक-एक फीट खोलना पड़ा। इससे लेवल पुन: 28.08 पर पहुंच गया।



**सिकिदिरी से उत्पादित बिजली जेबीवीएनएल को दी जाती है :** जब तक डैम का लेबल घटकर 25 फीट तक नहीं आ जाए, तब तक सिकिदिरी हाइडल पावर प्लांट को बिजली उत्पादन के लिए पानी दिया जाता है। अमूमन बारिश के दिनों में तीन से चार महीने इस प्लांट से बिजली उत्पादन होता है। मगर इस बार सही समय पर बारिश शुरू होने और डैम में पानी का पर्याप्त भंडारण हो जाने के बावजूद बिजली उत्पादन नहीं हो सकेगा। सिकिदिरी में 65-65 मेगावाट की दो यूनिट हैं, जिससे 130 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। यह बिजली जेबीवीएनएल को दी जाती है। यह बिजली सस्ती होती है। एक से डेढ़ रुपए प्रति यूनिट की दर से जेबीवीएनएल यह बिजली लेता है। अगर सिकिदिरी से बिजली उत्पादन होता रहता तो इसकी नौबत नहीं आती। उसे पानी दिया जा सकता है। क्योंकि डैम की क्षमता 36 फीट है और डैम का लेवल 32 के पार जाने पर ही फाटक खोला जाता था। लेकिन सुरक्षा के लिहाज से डैम का आधा गेट खोलकर पानी थोड़ा सा बहाया गया। अभी बारिश थम गई है, लेकिन आगे एक पखवाड़े में अगर बारिश जारी रही तो निश्चित ही डैम की सुरक्षा के लिए गेट खोलकर पानी बेकार बहाना पड़ेगा।

**पिछले सालों में बिजली उत्पादन की स्थिति :** वर्ष 2021 और 2022 में करीब 302 मिलियन यूनिट, 23 और 24 में बारिश देर से होने से सितंबर और अक्टूबर तक मिला। इसलिए इस बीच करीब 151 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ। 2020 में भी यही स्थिति रही। इस साल समय पर बारिश होने और पर्याप्त भंडारण के बाद भी समय पर बिजली उत्पादन नहीं हो सकेगा।



## सऊदी अरब में जॉब चाहिए? इन तरीकों से चुटकियों में मिल जाएगी नौकरी

सऊदी अरब भारतीयों के बीच नौकरी के लिए एक पॉपुलर देश है। यहां पर 24 लाख से ज्यादा भारतीय रह रहे हैं। हर साल भारत से हजारों की संख्या में लोग खाड़ी के इस देश में काम करने के लिए जाते हैं। सऊदी अरब की अर्थव्यवस्था तेल पर निर्भर है और जीडीपी का एक बड़ा हिस्सा तेल से होने वाली आय है। इसके अलावा इस रेगिस्तानी देश ने अब टूरिज्म, हॉस्पिटैलिटी और इंटरटेनमेंट जैसे सेक्टर्स पर भी ध्यान देना शुरू किया है, ताकि तेल से निर्भरता कम हो सके।

सऊदी सरकार के इन हालिया फैसलों की वजह से यहां नौकरियों की भरमार है। आप चाहें कंस्ट्रक्शन वर्कर्स हों या फिर सॉफ्टवेयर इंजीनियर, सऊदी अरब में इन दिनों हर किसी को नौकरी दी जा रही है। सबसे अच्छी बात ये है कि सऊदी अरब में किसी तरह का टैक्स सिस्टम नहीं है, जिस वजह से वर्कर्स को उनकी पूरी सैलरी मिलती है। हालांकि, अब यहां सवाल उठता है कि अगर किसी को सऊदी में जॉब चाहिए तो उसे ये किस तरह मिलेगी। खाड़ी के इस देश में नौकरियों के अवसर तो हैं, लेकिन आपको मालूम होना चाहिए आप किस तरह से इनका फायदा उठा सकते हैं। यहां हर बड़ी कंपनी धीरे-धीरे अपना दफ्तर भी खोल रही हैं, जिससे नौकरियां पैदा हो रही हैं। सऊदी में नौकरी पाने के चार मुख्य तरीके हैं

### ऑनलाइन जॉब पोर्टल

GulfTalent, Bayt, Naukrigulf जैसे ऑनलाइन जॉब पोर्टल पर आपको सऊदी अरब की कंपनियों की वैकेंसी की डिटेल्स मिल जाएंगी। यहां से आप सीधे नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा सऊदी में नौकरी के लिए LinkedIn भी अच्छा प्लेटफॉर्म है।

### रिक्रूटमेंट एजेंसी

भारत में कई सारी रिक्रूटमेंट एजेंसी ऑपरेट कर रही हैं, जो सऊदी अरब की कंपनियों के लिए लोगों को हायर करती हैं। राजधानी दिल्ली से लेकर मुंबई तक में इन रिक्रूटमेंट एजेंसियों के ऑफिस हैं, जहां से आप नौकरी से जुड़ी जानकारी ले सकते हैं। ये एजेंसियां आपसे कुछ पैसे भी चार्ज करेंगी।

### कंपनी वेबसाइट्स

सऊदी अरब की कंपनियों की अपनी वेबसाइट्स होती हैं, जहां पर वैकेंसियों की डिटेल्स अपलोड की जाती हैं। आप जिस कंपनी में नौकरी करना चाहते हैं, उसकी वेबसाइट पर जाकर नौकरी के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### नेटवर्किंग

LinkedIn जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए आप उन लोगों से कनेक्ट कर सकते हैं, जो पहले ही सऊदी अरब में जॉब कर रहे हैं। नेटवर्किंग कर आप उनसे उनकी कंपनी में निकलने वाली वैकेंसी के बारे में जान सकते हैं। अगर वो आपको रेफरल दे देते हैं, तो फिर आपके लिए जॉब पाना आसान हो जाएगा।





## इवेंट मैनेजमेंट क्षेत्र में कैसे बनाएं करियर

**आजकल किसी भी इवेंट को भव्य तरीके से ऑर्गेनाइज करने का चलन जोरो पर है और इसके लिए लोग इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों से संपर्क करते हैं। ऐसे में इसकी मांग को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। अगर आपको भी इस तरह के प्रोग्राम को हैंडल करना और ऑर्गेनाइज करना अच्छा लगता है, तो आप भी इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकती हैं।**

आज हर इवेंट की पहली मांग ग्लैमर और स्टाइल है। शादी समारोह हो या गेट-टुगेदर, ऑफिस की पार्टी हो या घर का कोई फंक्शन, इवेंट मैनेजर के बिना ये सारे समारोह सही तरीके से ऑर्गेनाइज नहीं हो सकते। हर इवेंट को बिल्कुल सही तरह से ऑर्गेनाइज करने का जिम्मा इवेंट मैनेजर कंधों पर होता है। आजकल किसी भी इवेंट को भव्य तरीके से ऑर्गेनाइज करने का चलन जोरो पर है और इसके लिए लोग इवेंट मैनेजमेंट कंपनियों से संपर्क करते हैं। ऐसे में इसकी मांग को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। अगर आपको भी इस तरह के प्रोग्राम को हैंडल करना और ऑर्गेनाइज करना अच्छा लगता है, तो आप भी इस क्षेत्र में अपना करियर बना सकती हैं। तो चलिए जानते हैं इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आपको क्या करना होगा।

### इवेंट मैनेजर का काम क्या है

इवेंट मैनेजर प्रोफेशनल, फोकस्ड और पर्सनल इवेंट्स ओर्गेनाइज करते हैं। जिसमें कॉरपोरेट मिटिंग्स, सेमिनार, प्रॉडक्ट् लॉन्चिंग, मैरिज सेलिब्रेशन, फिल्म अवार्ड फंक्शन, थीम पार्टीज, फैशन और सेलिब्रिटी शो, एग्ज़ीबिशन, म्यूजिकल कॉन्सर्ट आदि शामिल हैं।

### इवेंट मैनेजमेंट कोर्स करवाने वाले प्रमुख संस्थान-

- अमेठी इंस्टिट्यूट ऑफ़ इवेंट मैनेजमेंट, दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इवेंट मैनेजमेंट, मुंबई
- एकैडमी ऑफ एनिमेशन आर्ट एंड टेक्नोलॉजी, कोलकाता
- इंटरनेशनल सेंटर फ़ॉर इवेंट मैनेजमेंट, दिल्ली
- इंस्टिट्यूट ऑफ़ एज्युकेशनल लीडरशीप, देहरादून
- अजमेर इंस्टिट्यूट ऑफ़ मीडिया स्टडीज़, बरेली
- एकैडमी ऑफ़ ब्रॉडकास्टिंग, चंडीगढ़

### क्वालिफिकेशन

इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आपका 12वीं पास होना बहुत जरूरी है। 12वीं के बाद आप इस क्षेत्र में आगे की पढ़ाई कर सकती हैं।

### कोर्सेस उपलब्ध हैं

इवेंट मैनेजमेंट के क्षेत्र में करियर बनाना है तो आप डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट, पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा इन इवेंट मैनेजमेंट एंड पब्लिक रिलेशन्स जैसे कोर्स (इंटीरियर डिजाइनर कोर्स से जुड़ी बातें) कर सकते हैं।

### क्वालिटी क्या होनी चाहिए

परफेक्ट प्लानिंग, गुड कम्युनिकेशन स्किल, गुड पब्लिक रिलेशनशीप, बेहतर बजटिंग, प्रेजेंटेशन स्किल, लीडरशीप क्वलिटी, नॉलेज, अच्छी कल्पना शक्ति, ज्यादा समय तक काम करने की क्षमता, मार्केटिंग और बिजनेस क्षेत्र की कुशल जानकारी होना बहुत जरूरी है।

### जॉब की संभावनाएं

- इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में आप एक इवेंट मैनेजर या कंसल्टेंट के तौर पर जॉब कर सकती हैं।
- आप अपनी खुद की इवेंट मैनेजमेंट कंपनी भी खोल सकती हैं।
- टेलीविजन शोज और एड फील्ड से जुड़कर उनके प्रॉडक्ट के लिए काम कर सकती हैं।

इवेंट इंडस्ट्री में फंडिंग बहुत ही जरूरी होती है। पैसों की कमी के कारण आप कुछ क्रिएटिव नहीं कर पाएंगी और ना ही इवेंट के लिए जरूरी साजों-सामानों की व्यवस्था कर पाएंगी। इसलिए आपके पास अच्छा बजट होना बहुत जरूरी है। ताकि आप अपना बिजनेस शुरू कर सकें।

### नेटवर्किंग स्किल का होना

इवेंट मैनेजमेंट का काम एक अकेला व्यक्ति नहीं कर सकता। इसके लिए आपको एक टीम के साथ काम करना होता है। इवेंट स्टार्टअप को सफल बनाने के लिए इंडस्ट्री से जुड़े सभी लोगों के साथ आपकी अच्छी जान पहचान होनी चाहिए। आपका नेटवर्क मजबूत होना चाहिए, ताकि आपको किसी भी तरह के समान की जरूरत पड़ने पर वह आपको तुरंत मिल जाए।


### मार्केटिंग बहुत जरूरी

इवेंट मैनेजमेंट सिर्फ एक ऑर्गेनाइजिंग इवेंट नहीं होता, बल्कि इसके लिए प्लानिंग प्रोसेस में टाइम और मार्केटिंग अहम होती है, जो इवेंट को सफल बनाते हैं। अपने इवेंट को सफल बनाने के लिए आपको सोशल मीडिया का सहारा लेना होगा और उसपर भी मार्केटिंग करनी होगी। मार्केटिंग के लिए सोशल मीडिया एक बड़ा प्लेटफॉर्म है।

### सैलरी कितनी

इस क्षेत्र में महीने की सैलरी के अलावा प्रति इवेंट के हिसाब से भी सैलरी दी जाती है। मैनेजमेंट कोर्स कंपलीट करने के बाद फ्रेशर्स की कमाई कम से कम पांच सौ से एक हजार रुपए प्रतिदिन होती है। अपने अनुभव और क्रिएटिविटी के आधार पर आप आठ हजार से दस हजार रुपए तक प्रति इवेंट कमा सकती हैं। इस क्षेत्र में ज्यादा अनुभव हो जाने पर आप पचास हजार से एक लाख रुपए प्रति इवेंट कमा सकती हैं।





## अंतरिक्ष विज्ञान क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसर

भारत का नाम अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में विश्व के उन चंद गिने-चुने देशों में शामिल है जिनके स्वदेशी क्षमता से बने उपग्रह अंतरिक्ष में चक्कर काट रहे हैं। इसके साथ ही अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में भारत ने दुनिया से एक कदम आगे बढ़ाते हुए दूसरे देशों को अपनी प्रतिभा बेचना शुरू भी कर दिया है। ऐसे में इस क्षेत्र में रोजगार के पर्याप्त अवसर बने हैं। दरअसल भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में थोड़े समय में जो उपलब्धियां हासिल की हैं वह बेमिसाल हैं। आज भारत का इनसेट, संचार, मौसम विज्ञान और प्राकृतिक आपदा संबंधी पूर्वानुमान लगाने की अनोखी क्षमता रखता है। आज इस तकनीकी पर दुनिया के कई देश निर्भर हैं। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित तमाम गतिविधियों का संचालन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन करता है। जिसका मूल उद्देश्य विभिन्न उपयोगों के लिए उपग्रह संचार प्रणाली कायम करना है। इसका कार्य उपग्रह आधारित प्रबंधन और पर्यावरण निगरानी व्यवस्था उपलब्ध करवाना, मौसम विज्ञान संबंधी और प्राकृतिक आपदाओं की चेतावनी देने वाली प्रणाली स्थापित करना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में कॅरियर बनाने के इच्छुक अभ्यर्थी के लिए इस क्षेत्र में कई दरवाजे खुले हैं। जिनमें इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग इंस्टमेंटेशन, कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी, एयर कंडीशनिंग और इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग हैं। अंतरिक्ष विज्ञान के डिप्लोमा या सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में विज्ञान के छात्र ही प्रवेश ले सकते हैं। साथ ही स्तानक में कम से कम 60 प्रतिशत अंक होने जरूरी हैं। इस पाठ्यक्रम के लिए फिजिक्स और केमेस्ट्री के छात्रों को वरीयता दी जाती है। इस पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन हर साल संयुक्त परीक्षा का आयोजन करता है। इसकी परीक्षा दिल्ली, बैंगलौर, आंध्र प्रदेश और अहमदाबाद में होती है। परीक्षा का आयोजन सिर्फ अंग्रेजी माध्यम से किया जाता है। परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाते हैं। इसके अलावा कुछ प्रश्न क्रिएटिव भी होते हैं। इस परीक्षा में सफल उम्मीदवार को सीधा दाखिला मिल जाता है। इस क्षेत्र में जहां तक नौकरी मिलने का सवाल है तो पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने वाले अभ्यर्थी के भाग्य का दरवाजा खुद ब खुद खुल जाता है। अंतरिक्ष विभाग और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्रों के अलावा कुछ भारतीय उद्योगों में भी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, वायुमंडलीय विज्ञान, रासायनिक इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी, नियंत्रण प्रणाली, पावर सिस्टम सुदूर संवेदन में रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।

### इन संस्थानों में अंतरिक्ष विज्ञान पाठ्यक्रम में पढ़ाई की जा सकती है

- प्रशिक्षण संस्थान भौतिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अहमदाबाद।
- अंतरिक्ष भौतिक प्रयोगशाला, तिरूअनंतपुरम।
- अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र, अहमदाबाद।
- इसरो उपग्रह केंद्र, बैंगलौर।
- राष्ट्रीय स्ट्रैटोस्फीयर ट्रोपोस्फीयर रडार सुविधा गंडकी, तिरूपति।





**विदेश में पढ़ाई करना महंगा होता है, जिस वजह से छात्रों को पार्ट-टाइम जॉब करनी पड़ती है। कुछ देशों में पार्ट-टाइम जॉब से लाखों रुपये महीने तक कमाए जा सकते हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में तो पार्ट-टाइम जॉब काफी ज्यादा पॉपुलर है।**

## क्या स्टूडेंट्स को पढ़ाई के साथ पार्ट-टाइम जॉब करनी चाहिए

यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करना महंगा होता है, अगर आप किसी दूसरे देश में जाकर पढ़ रहे हैं तो खर्च और भी ज्यादा बढ़ जाता है। दुनियाभर में रहने-खाने का खर्च भी तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करते हुए पार्ट-टाइम जॉब करना एक अच्छा ऑप्शन नजर आता है। छात्रों को अपने खर्चे निकालने, ट्यूशन फीस भरने या कुछ एक्स्ट्रा पैसे के लिए काम करने की जरूरत पड़ती है। अमेरिका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक जैसे देशों में पार्ट-टाइम जॉब की इजाजत है।

हालांकि, हर देश में पार्ट-टाइम जॉब करने की अवधि तय है। भले ही नौकरी करने की कोई भी वजह हो, लेकिन इसकी वजह से आपको फायदा जरूर मिलता है। ना सिर्फ आप अच्छे पैसे कमा पाते हैं, बल्कि नेटवर्किंग का भी ऑप्शन मिलता है। मगर इसका नुकसान भी है, जैसे बहुत से स्टूडेंट्स पार्ट-टाइम जॉब की वजह से अपनी पढ़ाई पर फोकस नहीं कर पाते हैं।

### पार्ट-टाइम जॉब के फायदे

**पैसा कमाने का मौका** - पार्ट-टाइम नौकरी करने का सबसे बड़ा फायदा तो यही है कि आपके पास एक्स्ट्रा पैसे होंगे। आजकल महंगाई इतनी बढ़ गई है कि स्टूडेंट्स के लिए अपने खर्चे चलाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में पार्ट-टाइम जॉब आपको आर्थिक रूप से सुरक्षित महसूस करा सकती है। पार्ट-टाइम जॉब से आप घूमने जा सकते हैं, अपने लिए कुछ खरीद सकते हैं या भविष्य के लिए पैसे बचा सकते हैं।

**CV को बेहतर बनाना** - यूनिवर्सिटी में पार्ट-टाइम जॉब करने से आपको वर्क एक्सपीरियंस मिलता है। इससे आपकी ष्टङ्क बेहतर बनती है और आपको नौकरी मिलने में आसानी होती है। आप टीम में काम करना, बात करना और प्रॉब्लम सॉल्व करना सीखते हैं। ये सब चीजें आपको नौकरी के लिए एक अच्छा उम्मीदवार बनाती हैं। पार्ट-टाइम जॉब से आपको कमाई के साथ वर्क एक्सपीरियंस मिलता है।

**नए दोस्त बनाने का ऑप्शन** - दुनिया के किसी दूसरे हिस्से में पढ़ने जाने पर अपने घर-परिवार से दूर होना पड़ता है। पार्ट-टाइम जॉब आपको नए लोगों से मिलने का मौका देती है। इससे आप नए दोस्त बना सकते हैं, अलग-अलग संस्कृतियों के बारे में जान सकते हैं और यूनिवर्सिटी के बाहर भी अपना नेटवर्क बना सकते हैं।

**नेटवर्किंग का मौका** - पार्ट-टाइम नौकरी करने से आप सिर्फ दोस्त ही नहीं बनाते, बल्कि ऐसे लोगों से भी मिल सकते हैं जो आपको सलाह और मदद दे सकते हैं। आप अपना प्रोफेशनल नेटवर्क बना सकते हैं। इससे आपको इंटर्नशिप, मेंटरशिप और नौकरी के अवसर मिल सकते हैं।

**ज्यादा कॉन्फिडेंट बनना** - पार्ट-टाइम नौकरी करने के लिए आपको टाइम मैनेजमेंट और ऑर्गनाइजेशनल स्किल्स की जरूरत होती है। काम और पढ़ाई को एक साथ करने के लिए आपको अपनी जिम्मेदारियों को प्राथमिकता देना और अपने समय का सही इस्तेमाल करना सीखना होगा। जब आप काम और पढ़ाई को सफलतापूर्वक बैलेंस कर पाएंगे, तो आपको बहुत अच्छा लगेगा।

### पार्ट-टाइम जॉब के नुकसान

**स्ट्रेस लेवल बढ़ना** - पार्ट-टाइम नौकरी करने से आपकी जिंदगी में तनाव बढ़ सकता है। काम, पढ़ाई और एग्जाम को एक साथ मैनेज करना मुश्किल हो सकता है। लेकिन आप टाइम मैनेजमेंट सीखकर अपने स्ट्रेस लेवल को कम कर सकते हैं।

**सोशल लाइफ के लिए कम समय** - कई पार्ट-टाइम नौकरियों में अजीब समय पर काम करना पड़ता है। इससे आपकी यूनिवर्सिटी लाइफ प्रभावित हो सकती है। आपके पास कैंपस में होने वाली एक्टिविटीज में भाग लेने या दोस्त बनाने के लिए ज्यादा समय नहीं होगा।

**पढ़ाई का बाधित होना** - कई बार ऐसा भी होता है कि पार्ट-टाइम जॉब्स की टाइमिंग रात में होती है, जिस वजह से बहुत से छात्र दिन में क्लास नहीं अटेंड कर पाते हैं। ऐसा होने पर उनकी पढ़ाई बाधित होने लगती है।

## सोलर कंपनी के शेयरों में तूफानी तेजी

### एफटीएसई ग्लोबल इंडेक्स में कंपनी की एंट्री!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोलर कंपनी वारी एनर्जीज लिमिटेड के शेयरों में शुक्रवार को तूफानी तेजी आई है। वारी एनर्जीज के शेयर बीएसई में 11 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 2983.35 रुपये पर बंद हुए हैं। इंट्राडे के दौरान कंपनी के शेयरों ने 3025 रुपये के लेवल को भी छुआ।



रिपोर्ट्स में यह कन्फर्म किया गया है कि कंपनी के शेयरों को एफटीएसई ग्लोबल इंडेक्स में शामिल किया जा सकता है। एफटीएसई इंडेक्स में शामिल किए जाने के बाद हायर ऑर्डर इनफ्लो की उम्मीद में वारी एनर्जीज के शेयरों में यह उछाल देखने को मिला है।

**49 मिलियन डॉलर का हो सकता है इनफ्लो–** लंदन बेस्ड फाइनेंशियल टाइम्स स्टॉक एक्सचेंज 20 जून को अपने लेटेस्ट इंडेक्स कंपोजिशन चेंजेज को अनाउंस करेगा। वहीं, 23 जून से इनफ्लो शुरू होने की उम्मीद है। नुवामा अल्टरनेटिव एंड क्वॉन्टिटिव रिसर्च के मुताबिक, वारी एनर्जीज में 49 मिलियन डॉलर का इनफ्लो हो सकता है। वहीं, विशाल मेगा मार्ट में 115 मिलियन डॉलर के इनफ्लो, हुंडई में 56 मिलियन डॉलर और स्विगी में 32 मिलियन डॉलर के इनफ्लो की उम्मीद है। वहीं, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी में 22 मिलियन डॉलर का इनफ्लो आ सकता है। यह बात मनी कंट्रोल की एक रिपोर्ट में कही गई है।

## दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड को मिला 1341 करोड़ का बड़ा काम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कई दिनों बाद शुक्रवार को शेयर बाजार गुलजार हुआ। इस माहौल में सिविल कंस्ट्रक्शन से जुड़ी कंपनी– दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के शेयरों को भी खरीदने की होड़ थी। सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को शेयर में लगभग 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ोतरी कंपनी से जुड़ी एक पॉजिटिव खबर की वजह से दर्ज की गई।



### क्या है पॉजिटिव खबर

दरअसल, दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड को कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड से 1341 करोड़ का ऑर्डर मिला है। इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) ऑर्डर केरल के कोझिकोड और वायनाड जिलों में ट्विन ट्यूब यूनिडायरेक्शनल सुरंग के लिए है। कंपनी ने बताया कि इसमें अनक्कमपोइल–कल्लाडी–मेप्पाडी के बीच सीधे संपर्क के लिए चार लेन की कनेक्टिंग सड़क भी शामिल है। यह कॉन्ट्रैक्ट 48 महीनों में पूरा किया जाना है। बता दें कि मार्च 2025 में, दिलीप बिल्डकॉन के संयुक्त उद्यम ने भारत नेट चरण तीसरा परियोजना के लिए बीएसएनएल से कॉन्ट्रैक्ट हासिल किया था।

### शेयर का परफॉर्मेंस

दिलीप बिल्डकॉन शेयर की क्लोजिंग शुक्रवार को लाल निशान पर हुई। कारोबार के अंत में शेयर की कीमत 487.75 रुपये थी। शेयर के 52 हफ्ते का हाई 588.40 रुपये है। अगस्त 2024 में शेयर ने इस स्तर को टच किया था। जनवरी 2025 में शेयर की कीमत 363.45 रुपये तक आ गई।

# चांदी ने इस साल कर दिया कमाल, कीमत बढ़ने के कई कारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चांदी को सोने का सस्ता भाई भी कहा जाता है। कारण है कि जो लोग सोना नहीं खरीद सकते, वे चांदी से काम चला लेते हैं। हालांकि बात जब भी रिटर्न की आती है तो हमेशा से सोने को ही तवज्जो दी गई है। लेकिन पिछले कुछ साल से इसमें काफी बदलाव आया है। अब रिटर्न के मामले में चांदी भी सोने को टक्कर देने लगी है। चांदी की कीमत एक लाख रुपये प्रति किलो से काफी आगे निकल गई है। इस साल के शुरुआती 6 महीनों (एक जनवरी से लेकर 20 जून तक) चांदी का रिटर्न करीब 15 फीसदी रहा है। गोल्ड-सिल्वर रेश्यो 107 के उच्च स्तर से घटकर 91.5 रहा। ये गिरावट संकेत है कि चांदी अभी भी सोने के मुकाबले सस्ती है। इसलिए निवेशक चांदी में रुचि दिखा रहे हैं। चांदी के ईटीएफ निवेश में भी तेजी देखी जा रही है। वहीं दूसरी ओर चांदी के कारोबारियों के मुताबिक युवा पीढ़ी में भी चांदी की ज्वेलरी की डिमांड बढ़ी है। खासतौर से जेनरेशन जेड में।

**खत्म हो गया कीमत का अंतर!–** हमारे देश में सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत प्रति एक किलो के हिसाब से तय की जाती है। एक समय दोनों की कीमत में काफी अंतर था। मात्र एक साल में यह अंतर काफी कम हो गया है। एक साल पहले दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 72550 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 92300 रुपये प्रति किलो थी। दोनों की कीमत में 19750 रुपये का अंतर था। कल यानी शुक्रवार को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 99960 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 105200 रुपये प्रति किलो रही। यानी दोनों की कीमत में अंतर मात्र 5240 रुपये का रहा। ऐसे में देखा जाए तो सोना और चांदी, दोनों की कीमत में अंतर लगभग खत्म सा हो गया।




### एक साल में कितना रिटर्न?

एक साल में चांदी ने भी जबरदस्त रिटर्न दिया है। पिछले साल 20 जून को दिल्ली सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 72550 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत 92300 रुपये प्रति किलो थी। ऐसे में सोने का एक साल का रिटर्न करीब 38 फीसदी और चांदी का रिटर्न करीब 14 फीसदी रहा है। हालांकि सोने का एक साल का रिटर्न करीब 38 फीसदी रहा है।

### चांदी की कीमत में क्यों आ रही तेजी?

पिछले कुछ समय से सोने और चांदी की कीमत में रेस लगी हुई है। इस रेस में बाजी चांदी ने ही मारी है। एक साल पहले जो दोनों की कीमत (सोना 10 ग्राम और चांदी 1 किलो के अनुसार) में अंतर था, वह अब लगभग खत्म हो गया है। चांदी की कीमतों में तेजी आने के कई कारण हैं। पहला, इंडस्ट्रियल डिमांड बढ़ रही है। दूसरा, सप्लाई कम है। तीसरा, अभी का माहौल सुरक्षित निवेश के लिए अच्छा है। जानकारों के मुताबिक जियोपॉलिटिकल टेंशन के कारण सुरक्षित निवेश की डिमांड बढ़ गई है। ऐसे में लोग सोने के साथ चांदी में भी निवेश कर रहे हैं।

# सरकार ने शुरू की पेन-बैंक खाते की लिंकिंग पर नई सुविधा, टैक्सपेयर्स को होगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने आयकर ई-फाइलिंग वेबसाइट पर पैन और बैंक अकाउंट के वेरिफिकेशन के संबंध में एक नई सुविधा शुरू की है। नई सुविधा टैक्सपेयर्स को आयकर ई-फाइलिंग वेबसाइट पर अपने पैन-बैंक खाते को जोड़ने पर क्विक वेरिफिकेशन में मदद करेगी।

**एनपीसीआई ने जारी किया सर्कुलर–** इस संबंध में एनपीसीआई ने सर्कुलर जारी किया है। इस सर्कुलर के मुताबिक इसका मुख्य लक्ष्य बैंकों के कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस) से सीधे पैन डिटेल, बैंक अकाउंट की स्थिति और अकाउंटहोल्डर की पहचान के रियल टाइम के वेरिफिकेशन को सरल बनाना है। इसी के तहत एनपीसीआई ने अब एक नया पैन और बैंक अकाउंट वेरिफिकेशन एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग




इंटरफेस पेश किया है। इसे विशेष रूप से सरकारी विभागों के लिए डिजाइन किया गया है। यह इंटरफेस बैंक के कोर बैंकिंग सिस्टम (सीबीएस) से सीधे पैन डिटेल, बैंक अकाउंट की स्थिति, अकाउंटहोल्डर के नाम का रियल टाइम वेरिफिकेशन की सुविधा प्रदान करेगा।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

सिरिल अमरचंद मंगलदास के पार्टनर उत्कर्ष भटनागर ने इकोनॉमिक टाइम्स को बताया कि आयकर वेबसाइट तक पहुंचने वाले टैक्सपेयर्स के पैन-बैंक अकाउंट के विवरण का क्विक और रियल टाइम पर वेरिफिकेशन संभव हो सकेगा। भटनागर कहते हैं कि नई सुविधा आयकर रिफंड और डायरेक्ट ट्रांसफर की तेज और त्रुटि-मुक्त प्रक्रिया को सक्षम करेगी। इससे धोखाधड़ी के जोखिम भी कम होंगे। वहीं, बैंकों को एनपीसीआई के सुरक्षित इंटरफेस मानकों का अनुपालन करने के लिए अपने सिस्टम को अपग्रेड करना होगा।

टैक्सपेयर्स के लिए एक्सेल सुविधा

## 29 शेयर बोनस दे रही है कंपनी, शेयरों का भाव 150 रुपये से भी कम, 1 साल में किया पैसा डबल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बोनस शेयर देने वाली कंपनियों पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए गुड न्यूज है। कल यानी शुक्रवार को टीए ने बोनस शेयर का ऐलान किया है। कंपनी ने एक्सचेंज को दी जानकरी में कहा है कि 29:50 के हिसाब से योग्य निवेशकों को बोनस शेयर दिया जाएगा। बता दें, कंपनी दूसरी बार निवेशकों को बोनस शेयर दे रही है।

### 50 पर मिलेंगे 29 शेयर फ्री

बीएसई की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले 50 शेयरों पर 29 शेयर बोनस के तौर पर दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने अभी तक रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है। लेकिन इस प्रक्रिया को बोर्ड मीटिंग के दो महीने के अंदर पूरा कर लिया जाएगा।

यानी आने वाले समय में फोकस बिजनेस सॉल्यूशन लिमिटेड की तरफ से बोनस शेयर के लिए रिकॉर्ड डेट घोषित किया जा सकता है।

## कर्मचारी को सैलरी में मिले 14 करोड़ रुपये तो उसके उड़े होश, फिर जो हुआ उसने सोचा भी नहीं था

नई दिल्ली, एजेंसी। दफ्तर में कभी-कभी ऐसा होता है। किसी व्यक्ति या मशीन की भूल से किसी कर्मचारी को वेतन के मद में बहुत ज्यादा पैसे मिल जाते हैं। ऐसी स्थिति में कर्मचारी या तो पैसे रख लेता है या उसके बारे में दफ्तर को सूचित करता है। अमेरिका में मिशिगन के वेन काउंटी में ऐसी ही एक अजीब घटना हुई। एक कर्मचारी को गलती से बहुत ज़्यादा पैसे मिल गए। यह गलती पेयरोल विभाग से हुई थी। कर्मचारी ने इसकी सूचना दफ्तर को दी। बाद में जिम्मेदार कर्मचारी की नौकरी चली गई।

**13 करोड़ से भी ज्यादा का वेतन–** यह घटना बीते मई महीने की है। उस महीने में एक कर्मचारी को .1.6 मिलियन का चेक मिला। भारतीय रुपये में ये लगभग 14 करोड़ बैठता है।

**कर्मचारी ईमानदार था–** अच्छी बात ये रही कि कर्मचारी ईमानदार था। उसे जैसे ही वेतन के मद में इतने पैसे मिले, उसके होश उड़ गए।

# महार प्रतिशत कंपनी बनाएगी एसएसएलवी

### इसरो से मिली टेक्नोलॉजी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महार प्रतिशत कंपनी हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स ने स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल बनाने की बोली जीत ली है। स्पेस रेगुलेटर ने यह बात शुक्रवार को बताई है। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स के शेयर शुक्रवार को बीएसई में बाजार के बंद होने के समय पर 1.16 प्रतिशत तेजी के साथ 4957 रुपये थे यह अनाउंसमेंट इंडियन नेशनल स्पेस प्रमोशन एंड ऑथरजैशनन सेंटर ने किया है। हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स ने 511 करोड़ रुपये की बोली जीतने के साथ ही एसएसएलवीटेक्नोलॉजी ट्रांसफर हासिल कर लिया है।

**अडानी ग्रुप की कंपनी भी थी रेस में–** हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के अलावा 2 अन्य कंसोर्शियम भी इसरो से टेक्नोलॉजी हासिल करने की रेस में थे। लेकिन एचएएल ने अडानी ग्रुप के अल्फा डिजाइन और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के कंसोर्शियम को पछाड़ते हुए यह बोली जीत ली है। बता दें, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने इस बोली में अकेले ही हिस्सा था। कंपनी किसी भी कंसोर्शियम का हिस्सा नहीं थी। शुरुआती चरण में 20 कंपनियों ने इस बोली की प्रक्रिया में दिलचस्पी दिखाई थी।

**मोदी सरकार का बड़ा फैसला–** सरकार के मोर्चे पर अगर देखें तो यह एक बड़ा फैसला है। स्पेस सेक्टर को प्राइवेट कंपनियों के लिए खोलना एक बड़ी पहल के तौर पर देखा जा रहा है। पीएम नरेंद्र



मोदी के कार्यकाल में पहली बार रॉकेट टेक्नोलॉजी को ट्रांसफर किया जा रहा है। बता दें, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स अब ना सिर्फ स्मॉल सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल बना सकता है। बल्कि स्स्क्ङ लॉन्च को कॉमर्शियलाइज भी कर सकता है।

### बहुत बड़ा है मार्केट

एसएसएलवी 500 किलोग्राम तक के पेलोड को धरती के निचली में ले जा सकता है। 2023 में वैश्विक स्तर पर लो अर्थ ऑर्बिट लॉन्च का मार्केट 13.9 अरब डॉलर के करीब था। 2032 तक अनुमान है कि यह 44 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। मौजूदा समय में भारत के पास ग्लोबल स्पेस इकनॉमी का 2 प्रतिशत हिस्सा ही है।

**27 जून को कंपनी की बोर्ड मीटिंग–** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की बोर्ड मीटिंग 27 जून को है। इसी दिन बोर्ड वित्त वर्ष 2024-25 के फाइनल डिविडेंड देने पर फैसला करेगा। वित्त वर्ष 2025 में इस सरकारी कंपनी ने 38 रुपये का डिविडेंड दे दिया है।

# रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में बदलाव पर तटस्थ रुख अपनाया

**मुंबई एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि मौद्रिक नीति में ब्याज दरों में पहले से की गई तेज कटौती आर्थिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को यह स्पष्ट संकेत और भरोसा देगी कि वैश्विक तनाव के बीच भी केंद्रीय बैक आर्थिक विकास का समर्थन कर रहा है। यह बात शुक्रवार को जारी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के मिनट्स में कही गई।

गवर्नर मल्होत्रा की अध्यक्षता में आरबीआई की छह सदस्यीय समिति ने 6 जून को बेंचमार्क शॉर्ट–टर्म लेंडिंग रेट (रेपो रेट) में 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती की थी। इसके साथ ही मौद्रिक नीति के रुख को प्रोत्साहन देने वाली से बदलकर तटस्थ किया गया था और बाजार में नकदी बढ़ाने के उपाय भी किए गए। हाल की इस कटौती के बाद रेपो रेट में कुल 100 बेसिस प्वाइंट की कटौती हो चुकी है।

तीन दिन (4–6 जून) तक चली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में पांच सदस्यों ने रेपो दर में 50 बेसिस प्वाइंट (बीपीएस) की कटौती के पक्ष में मतदान किया। हालांकि, समिति के एक बाहरी सदस्य सौगाता भट्टाचार्य ने केवल 25 बीपीएस की कटौती का सुझाव दिया। मिनट्स के अनुसार, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने पिछले कुछ महीनों में महंगाई में करीब 3 फीसदी अंकों की तेज गिरावट (अक्तूबर 2024 में 6.2 प्रतिशत से अप्रैल 2025 में 3.2 प्रतिशत) और पूरे वर्ष की औसत महंगाई दर में अनुमानित

### गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कही ये बात




एक फीसदी की गिरावट (4.6 प्रतिशत से घटकर 3.7 प्रतिशत) को ध्यान में रखते हुए 50 बेसिक प्वाइंट की कटौती के पक्ष में वोट दिया।

मल्होत्रा ने कहा, उम्मीद है कि पहले से की गई दर में कटौती और तरलता (लिक्विडिटी) के मोर्चे पर स्पष्टता से आर्थिक गतिविधियों से जुड़े लोगों को एक साफ संदेश मिलेगा, जिससे कर्ज की लागत घटेगी और उपभोग व निवेश को समर्थन मिलेगा। मौद्रिक नीति के रुख में बदलाव को लेकर उनका मानना था कि तटस्थ रुख से रिजर्व बैंक हालात के अनुसार दरों में कटौती, रोक या बढ़ोतरी जैसे फैसले आसानी से ले सकेगा।

मल्होत्रा ने कहा, इन उपायों से अनिश्चितता के इस दौर में कुछ भरोसा मिलेगा और यह आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में मदद करेगा। एमपीसी में आरबीआई के तीन अधिकारी शामिल हैं– गवर्नर संजय मल्होत्रा, डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता और कार्यकारी निदेशक राजीव रंजन। इसके अलावा सरकार की ओर से नियुक्त तीन बाहरी सदस्य नागेश कुमार, सौगाता भट्टाचार्य और राम सिंह हैं।

मिनट्स के मुताबिक, डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता का भी मानना था कि रेपो रेट में 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती से नीतिगत स्पष्टता बढ़ेगी और यह धीरे–धीरे कटौती करने की तुलना में असरदार तरीके से लागू होगी। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़े खतरों का बेहतर ढंग से मुकाबला किया जा सकेगा। उन्होंने मौद्रिक नीति के रुख को अनुकूल से तटस्थ करने के फैसले का भी समर्थन किया। गुप्ता ने कहा, इसका मतलब है कि आगे कोई भी कदम नए आंकड़ों और बदलते वैश्विक हालात के आधार पर ही उठाया जाना चाहिए।

# 23 साल पुरानी कंपनी, 91 इश्यू प्राइस, 24 जून से आईपीओ पर दांव लगाने का मौका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीओ मार्केट में एक और कंपनी की एंट्री होने वाली है। टेक्नीकल फैसलिटीज मैनेजमेंट सर्विस प्रोवाइडर- आइकॉन फैसिलिटेटर्स लिमिटेड ने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड तय कर लिया है। इस आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 85-91 रुपये प्रति शेयर घोषित किया। ग्रे मार्केट प्रीमियम की बात करें तो 4 रुपये है। इस लिहाज से शेयर की लिस्टिंग 95 रुपये के स्तर पर हो सकती है। कंपनी का एसएमई कैटेगरी में आने वाला इश्यू 24 जून को आवेदन के लिए खुलेगा और 26 जून को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 23 जून को एक दिन के लिए खुलेगी। आपको बता दें कि यह कंपनी बीएसई पर लिस्ट होगी।




### 21 लाख शेयरों का फ्रेश इश्यू

आइकॉन फैसिलिटेटर्स लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि कंपनी की आईपीओ से 19.11 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। इसमें 21 लाख इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू शामिल है। इसे बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किया जाएगा। विवरण पुस्तिका (आरएचपी) के अनुसार, कंपनी आईपीओ से प्राप्त राशि में से 16 करोड़ रुपये का उपयोग वर्किंग कैपिटल जरूरतों और शेष सामान्य कंपनी उद्देश्यों के लिए करेगी। खंबाटा सिक्योरिटीज इस इश्यू का एकमात्र बुक–रनिंग लीड मैनेजर है और माशितला सिक्योरिटीज इस इश्यू का रजिस्ट्रार है। इस कंपनी का मुख्यालय दिल्ली में है।

### कैसे रहे नतीजे

वित्तीय मोर्चे पर, वित्त वर्ष 2024–25 में आइकॉन फैसिलिटेटर्स का परिचालन राजस्व 58 करोड़ रुपये रहा जबकि नेट प्रॉफिट 4.47 करोड़ रुपये रहा। 31 मार्च 2025 तक कंपनी में 2,000 से अधिक कर्मचारी होंगे। इनमें से कई के पास प्रत्येक उद्योग क्षेत्र में महत्वपूर्ण तकनीकी पृष्ठभूमि और डोमेन विशेषज्ञता होगी। बता दें कि आइकॉन एक लीडिंग फैसलिटी मैनेजमेंट कंपनी है, जो दिल्ली के मध्य में स्थित है। यह कंपनी साल 2002 में वजूद में आई। इस तरह, कंपनी 23 साल से कारोबार कर रही है। कंपनी का मुख्यालय दिल्ली में है।

# 25 जून को खुल रहा है यह दमदार आईपीओ

### ग्रे मार्केट से मिला ग्रीन सिग्नल, प्राइस बैंड 100 रुपये के नीचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संभव स्टील ट्यूब्स आईपीओ के प्राइस बैंड का ऐलान हो गया है। कंपनी ने 77 रुपये से 82 रुपये प्रति शेयर प्राइस बैंड तय किया है। संभव स्टील ट्यूब्स आईपीओ 25 जून को खुल जाएगा। निवेशकों के पास 27 जून तक आईपीओ पर दांव लगाने का मौका रहेगा।

**कैसा होगा आईपीओ–** संभव स्टील ट्यूब्स ने बताया है कि वो प्राइमरी मार्केट से 540 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आईपीओ ला रहे हैं। इस आईपीओ में फ्रेश इश्यू और ऑफर फार सेल दोनों शामिल रहेगा। कंपनी ऑफर फार सेल के जरिए 1.22 करोड़ शेयर और फ्रेश इश्यू के जरिए 5.37 करोड़ शेयर जारी करेगी।

**182 शेयरों का बनाया है लॉट–** संभव स्टील ट्यूब्स आईपीओ का लॉट साइज 182 शेयरों का है। जिसकी वजह से किसी भी रिटेल निवेशक को कम से कम 14,924 रुपये का दांव लगाना होगा।

### किसके लिए कितना हिस्सा आरक्षित

क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स के लिए अधिकतम 50 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित रहेगा। वहीं, रिटेल निवेशकों के लिए कम से कम 35 प्रतिशत हिस्सा आरक्षित रहेगा। एनआईआई के लिए कम से कम 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व रहेगा। ग्रे मार्केट की बात करें तो यह आईपीओ वहां पॉजिटिव रिस्पॉन्स दे रहा है। इंवेस्टर्सगेन की रिपोर्ट के अनुसार ग्रे मार्केट में संभव स्टील ट्यूब्स आईपीओ 11 रुपये के प्रीमियम पर आज ट्रेड कर रहा है। कल भी यह आईपीओ 11 रुपये के प्रीमियम पर ही ट्रेड कर रहा था।

## भूटिया के आरोप बेबुनियाद, एआईएफएफ की छवि खराब कर रहे - कल्याण चौबे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान बाइचुंग भूटिया और ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। भूटिया के लगाए आरोपों के बाद कल्याण चौबे ने उन्हें एआईएफएफ की 2 जुलाई को होने वाली बैठक में आमंत्रित किया है। बाइचुंग भूटिया को 2022 में एआईएफएफ के अध्यक्ष के चुनाव में कल्याण चौबे के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद भूटिया उनके आलोचक रहे हैं। हाल के दिनों भारतीय फुटबॉल टीम का प्रदर्शन खराब रहा है, जिसके बाद वह और ज्यादा आक्रामक हो गए हैं। कल्याण चौबे ने कहा, हम दो नारों में विश्वास करते हैं - पहला फुटबॉल दुनिया को एकजुट करता है और दूसरा भारतीय फुटबॉल, एक साथ आगे बढ़ें। ये नारे हमारे साझा दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि एक साथ काम करके हम भारतीय फुटबॉल को और ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं, जहां हर नागरिकों को बोलने की स्वतंत्रता का संवैधानिक अधिकार है। एआईएफएफ कार्यकारी समिति के सदस्य के रूप में बाइचुंग भूटिया के पास अपने विचार व्यक्त करने, चिंताओं को उठाने और विभिन्न एआईएफएफ कार्यकारी समिति की बैठकों में भारतीय फुटबॉल के विकास और प्रदर्शन की दिशा में रचनात्मक योगदान देने के लिए एक उपयुक्त और सशक्त मंच तक पहुंच है। उन्हें 2 जुलाई की बैठक में बुलाया गया है।

## क्लब विश्व कपः बायर्न ने बोका को हराकर नॉकआउट में प्रवेश किया



**मियामी, एजेंसी।** बायर्न म्यूनिख ने शुक्रवार को बोका जूनियर्स पर 2-1 की शानदार जीत के साथ क्लब विश्व कप में अपने यूरोपीय गौरव को फिर से जगाया, एक तनावपूर्ण और कड़े संघर्ष के बाद अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की। बोका समर्थकों से भरी एक उत्साही भीड़ के सामने - जिन्होंने हार्ड रॉक स्टेडियम को एक मिनी बॉम्बोनेरा में बदल दिया - अर्जेंटीना की टीम ने जी-जान से लड़ाई लड़ी। लेकिन खेल के अंत में बायर्न का दृढ़ संकल्प प्रबल हुआ। हैरी केन ने पहले हाफ की शुरुआत में जर्मन चैंपियन के लिए गोल किया, लेकिन बोका ने मिगुएल मेरेंटिएल के माध्यम से वापसी की। खेल अधर में लटकने के साथ, माइकल ओलिस ने देर से विजयी गोल करके बायर्न को छह अंकों के साथ ग्रुप सी में शीर्ष पर पहुंचा दिया, जो बेनफिका से दो अंक आगे है। बोका, केवल एक अंक के साथ, दौड़ में बना हुआ है और अपने अंतिम ग्रुप मैच में ऑकलैंड सिटी का सामना करेगा, जबकि बायर्न का सामना बेनफिका से होगा। यह जीत यूरोपीय क्लबों के लिए समय पर मिली बढ़त थी, जो हाल ही में टूर्नामेंट में संघर्ष कर रहे थे, जिसमें पोर्टो, पीएसजी और चेल्सी सभी हार का सामना कर रहे थे। मैच में बहुत जोश देखने को मिला, खासकर दूसरे हाफ में, जब बोका ने बहुत दबाव बनाया और बायर्न की लय को शारीरिक, तेज गति वाले फुटबॉल से बाधित किया।

# जिंबाब्वे टेस्ट सीरीज से बावुमा बाहर, महाराज करेंगे कप्तानी

**जोहान्सबर्ग , एजेंसी।** हाल ही में साउथ अफ्रीका को अपनी कप्तानी में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाने वाले टेंबा बावुमा जिंबाब्वे के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह स्पिन गेंदबाज केशव महाराज कप्तानी करेंगे।

टेंबा बावुमा बाएं टखने में खिंचाव की वजह से जिंबाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हुए हैं। यह इंजरी उन्हें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के दौरान ही हुई थी, हालांकि तब उन्होंने इंजरी के साथ बैटिंग की थी और दूसरी पारी में 66 रन बनाकर टीम को चैंपियन बनाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के कप्तान टेंबा बावुमा बाएं पैर में हैमस्ट्रिंग खिंचाव के कारण जिम्बाब्वे के खिलाफ आगामी दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। बावुमा को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के तीसरे दिन दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी के दौरान बल्लेबाजी करते समय चोट लगी थी। चोट की गंभीरता का आंकलन करने के लिए उनका स्कैन किया जाएगा। उनकी अनुपस्थिति में केशव महाराज टीम की कप्तानी करेंगे। यह दो साल से कम समय में बावुमा की तीसरी हैमस्ट्रिंग इंजरी है।



इससे पहले 2023 वनडे विश्व कप के दौरान चोट लगी थी। इंजरी के साथ वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल खेले थे। भारत के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के दौरान भी उन्हें चोट लगी थी। उन्हें बार-बार कोहनी की समस्या भी होती है। वह अक्सर अपनी बाईं कोहनी पर भारी पट्टी बांधकर खेलते हैं। जिंबाब्वे सीरीज से दक्षिण अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025-2027 के चक्र की शुरुआत करेगा। जिंबाब्वे के खिलाफ सीरीज 28 जून से शुरू हो रही है। दक्षिण अफ्रीका ने जिंबाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज में अपने कई खिलाड़ियों को आराम दिया है। इसमें एडेन मार्करम और कैगिसो रबाडा शामिल हैं। लुंगी एनगिडी केवल दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे। पांच नए खिलाड़ियों को मौका दिया गया है।

### जिंबाब्वे सीरीज के लिए दक्षिण अफीका की टीम इस प्रकार है

डेविड बेडिंघम, मैथ्यू ब्रीट्जके, डेवाल्ड ब्रेविस, कॉर्बिन बॉश, टोनी डी जोरजी, जुबैर हमजा, केशव महाराज (कप्तान), क्वेना मफाका, वियान मुल्डर, लुंगी एंगिडी (सिर्फ दूसरा टेस्ट), लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, लेसेगो सेनोकवाने, प्रेनेलन सुब्रेयन, काइल वेरिन, कोडी यूसुफ।

# नीरज चोपड़ा के 11 सर्वश्रेष्ठ थ्रो

## पेरिस डायमंड लीग जीतने के लिए 88.16 मीटर दूर फेंका भाला






**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को पेरिस डायमंड लीग का खिताब अपने नाम किया। नीरज ने कड़े मुकाबले में जर्मन प्रतिद्वंद्वी जूलियन वेबर को हराकर दो साल में अपना पहला डायमंड लीग खिताब जीता। 27 वर्षीय नीरज का सर्वश्रेष्ठ थ्रो 88.16 मीटर का रहा। उन्होंने पहले ही राउंड में यह दूरी हासिल की, लेकिन बाद के पांच थ्रो में वह 90 मीटर का आंकड़ा नहीं छू सके। नीरज का दूसरा थ्रो 85.10 मीटर का रहा और फिर उन्होंने अपने छठे और अंतिम प्रयास में 82.89 मीटर दूर भाला फेंका। उनके तीन प्रयास फाउल रहे। वेबर 87.88 मीटर के अपने शुरुआती थ्रो के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि ब्राजील के लुइस मौरिसियो दा सिल्वा 86.62 मीटर के अपने तीसरे राउंड प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज ने इसी साल मई में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पहली बार छुआ था। टोक्यो ओलंपिक चैंपियन नीरज 90 मीटर पार करने वाले दुनिया के 25वें और एशिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए थे। पेरिस ओलंपिक चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम (92.97 मीटर) और चीनी ताइपै के चाओ सुन चेंग (91.36 मीटर) ही एशिया के दो अन्य खिलाड़ी हैं जो 90 मीटर से अधिक का थ्रो फेंक चुके हैं। वहीं, वेबर ने भी दोहा डायमंड लीग टूर्नामेंट में पहली बार 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था। हम आपको नीरज के 11 सर्वश्रेष्ठ थ्रो के बारे में बता रहे हैं...

1. **दोहा डायमंड लीग, 2025–** नीरज चोपड़ा ने आखिरकार 90 मीटर की बाधा पार करके 90.23 मीटर का थ्रो फेंका, लेकिन डायमंड लीग के दोहा चरण में जर्मनी के जूलियन वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे। वेबर ने अपने आखिरी प्रयास में 91.06 मीटर का थ्रो फेंका, जबकि नीरज ने तीसरे प्रयास में ऐसा किया था। यह नीरज का अब तक का सर्वश्रेष्ठ थ्रो है।
2. **स्टॉकहोम डायमंड लीग 2022–** नीरज चोपड़ा ने स्वीडन में डायमंड लीग 2022 में 89.94 मीटर के जेवलिन थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। इस थ्रो के साथ, उन्होंने फिनलैंड में पावो नुरमी गेम्स में सेट किए गए अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.30 मीटर को बेहतर किया।
3. **पेरिस ओलंपिक फाइनल, 2024–** नीरज का पेरिस ओलंपिक के फाइनल में 89.45 मीटर का थ्रो, उनके करियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो रहा। हालांकि, इसके बाद वह एक बार भी वैध थ्रो नहीं कर सके।
4. **दोहा डायमंड लीग, 2023–** नीरज के 88.67 के थ्रो ने उन्हें 2023 में दोहा डिमोंड लीग में फिर से स्वर्ण पदक दिलाया। नीरज ने अपने पहले प्रयास में स्वर्ण पदक जीता।
5. **विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 –**88.17 मीटर का थ्रो किया और स्वर्ण पदक जीता। इसी प्रतियोगिता के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने।
6. **पेरिस डायमंड लीग, 2025–** नीरज चोपड़ा ने पेरिस डायमंड लीग में अपनी पहली ही कोशिश में शानदार थ्रो करते हुए 88.16 मीटर दूर भाला फेंक कर खिताब अपने नाम किया। यह उनका दूरी के हिसाब से छठा सर्वश्रेष्ठ थ्रो है।
7. **विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप, 2022–** नीरज ने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाले एकमात्र भारतीय एथलीट बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने 88.13 मीटर के प्रयास के साथ रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया।
8. **एशियन गेम्स, 2018–** नीरज ने 2018 में एशियाई खेलों में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 88.06 मीटर का थ्रो कर इतिहास रचा था।
9. **डायमंड लीग फाइनल 2024–** नीरज ने ब्रसेल्स डायमंड लीग फाइनल में 87.86 मीटर का थ्रो किया। वह दूसरे स्थान पर रहे और खिताब से चूक गए।
10. **लुसान डायमंड लीग, 2023–** नीरज ने 87.66 मीटर थ्रो के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। यह उन्होंने पांचवें प्रयास में जाकर थ्रो किया और सीधे स्वर्ण पदक पर निशाना साधा। उनके गोल्डन आर्म का जादू एक बार फिर चला।
11. **टोक्यो ओलंपिक, 2020–** टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर नीरज रातोंरात सनसनी बन गए थे। अपने दूसरे थ्रो में उन्होंने 87.58 मीटर की दूरी तय की और भारत को ओलंपिक का पहला ट्रैक एंड फील्ड गोल्ड दिलाया।

# हेडिंग्ले टेस्ट में यश, गिल, पंत का कोहराम

## भारत हेडिंग्ले टेस्ट की पहली पारी में 471 पर ऑलआउट– गिल 147, पंत 134 और जायसवाल 101 रन बनाकर आउट



**लीड्स (एजेंसी)।** तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का पहला टेस्ट हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है। शनिवार को मैच का दूसरा दिन है और पहला सेशन जारी था। टीम इंडिया ने पहली पारी में 471 रन पर आल आउट हो गई। कप्तान शुभमन गिल 147 रन बनाकर आउट हो गए थे । दोनों के बीच 200 रन से ज्यादा की पार्टनरशिप हो चुकी थी। पंत ने शोएब बसीर के ओवर में दो छक्के लगाकर शतक पूरा किया। भारतीय टीम ने 359/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। पहले दिन यशस्वी जायसवाल (101 रन) और केएल राहुल (41 रन) बनाकर आउट हुए। डेब्यूटेंट साई सुदर्शन शून्य रन बनाकर पवेलियन लौटे। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने 2 विकेट लिए। ब्रायडन कार्स को एक विकेट मिला।

**पंत ने छक्के से धोनी के बड़ा रिकॉर्ड टूटा –** आईपीएल 2025 में ऋषभ पंत का बल्ला पूरी तरह शांत था। आखिरी मैच में उन्होंने शतक लगाया लेकिन उससे पहले जूझ रहे थे। अब इंग्लैंड में पहुंचते ही पंत ने शतक ठोक दिया है। लीड्स टेस्ट के दूसरे दिन पंत ने 146 गेंद पर शतक पूरा किया। 10 चौके और 4 छक्कों की मदद से वह शतक तक पहुंचे। 44वां टेस्ट खेल रहे पंत का यह 7वां शतक है। इंग्लैंड की धरती पर वह तीसरी बार टेस्ट में शतक तक पहुंचे हैं। महेंद्र सिंह धोनी ने भारत के लिए 90 टेस्ट मैच खेले थे। इस दौरान उनके बल्ले से 6 शतक निकले थे। इसमें एक शतक भी एशिया से बाहर नहीं आया था। अब पंत ने टेस्ट में 7 शतक पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही पंत टेस्ट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने तीन शतक इंग्लैंड में लगाया है तो एक साउथ अफ्रीका और एक ऑस्ट्रेलिया में आया है।

### 93 साल में पहली बार हुआ ऐसा; गिल-यशस्वी खास क्लब में शामिल

भारत और इंग्लैंड के बीच लीड्स में खेले जा रहे टेस्ट के पहले दिन भारतीय बल्लेबाजों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। यह इंग्लैंड में पहले दिन भारत द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। भारत ने इंग्लैंड में जून 1932 में पहला टेस्ट खेला था। तब से लेकर गुरुवार तक इंग्लैंड में किसी टेस्ट के पहले दिन भारत का सर्वश्रेष्ठ टोटल सात विकेट पर 338 रन का था, जो टीम इंडिया ने 2022 में एजबेस्टन टेस्ट के पहले दिन बनाए थे। 93 साल में पहली बार भारत ने इंग्लैंड में किसी टेस्ट के पहले दिन 350 रन का आंकड़ा पार किया। वहीं, ऋषभ पंत ने टेस्ट में 3000 रन भी पूरे कर लिए, लेकिन एडम गिलक्रिस्ट का एक रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए।

# विश्वास और भरोसा... इन दो शब्दों के साथ जीते हैं यशस्वी जायसवाल, टैटू से हुआ खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले मैच में टीम इंडिया ने शानदार शुरुआत की है. मैच के पहले दिन भारतीय टीम ने तीन विकेट खोकर 359 रन बना लिए हैं. कप्तान शुभमन गिल 127 और उप कप्तान ऋषभ पंत 65 रन बनाकर खेल रहे हैं. इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने शतक ठोकर इंग्लिश गेंदबाजों को चौंका दिया. उन्होंने 101 रनों की शानदार पारी खेली. इस दौरान उनको लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है. उनके शरीर पर बने टैटू ने उनके जीवन से जुड़े अहम पलों को दुनिया के सामने लाकर रख दिया है. टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 159 गेंदों में 16 चौकों और एक छक्का की मदद से 101 रनों की पारी खेली. इंग्लैंड में यशस्वी का ये पहला शतक है. इस दौरान यशस्वी के शरीर पर बने टैटू को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है. उन्होंने अपने दोनों हाथों पर तारीख के साथ कुछ लिखवाए हैं.



इन तारीखों का इस सलामी बल्लेबाज के जीवन से अहम कनेक्शन है. 16 अक्टूबर 2019 को उन्होंने झारखंड के खिलाफ लिस्ट ए टूर्नामेंट में 203 रन की पारी खेली थी. इससे यशस्वी को भरोसा हुआ कि वे दुनिया के बेस्ट बल्लेबाजों के बीच बल्लेबाजी कर सकते हैं. वहीं सात मई 2022 को उन्होंने ढ्क्क में राजस्थान रॉयल्स के लिए पंजाब किंग्स के खिलाफ 68 रन की पारी खेली थी और पहला प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड जीता था. इससे उनका अपने ऊपर विश्वास बढ़ा था.

टीम इंडिया के इस बल्लेबाज ने अपने शरीर पर भी टैटू गुदवा रखे हैं. यहां उन्होंने ढ्क्क्, रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी डेब्यू की तारीखों को लिखवा रखा है. एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया था कि मैंने इन्हें अपने हाथ पर स्थायी रूप से लिखवाने का फैसला किया. मेरे लिए खुद पर भरोसा और विश्वास काफी जरूरी है. ये मुझे याद दिलाते हैं कि मैं क्या हूं और क्यों मुझे हमेशा खुद पर ट्रस्ट और विश्वास करना चाहिए.

## तेंदुलकर, गांगुली की नोकझोंक ने प्रशंसकों को हंसाया

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली ने सोशल मीडिया पर हल्की-फुल्की नोकझोंक की, क्योंकि उन्हें 2002 में अपने शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन की याद आ गई, जब भारत ने शुक्रवार को लीड्स में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पहले टेस्ट के पहले दिन 359/3 का स्कोर बनाया। भारत नए कप्तान के नेतृत्व में खेल रहा है और बल्लेबाजी क्रम में रोहित शर्मा और विराट कोहली की मौजूदगी सुनिश्चित नहीं थी, लेकिन मेहमान टीम ने यशस्वी जायसवाल (101) और शुभमन गिल (नाबाद 127) के शतकों और ऋषभ पंत (नाबाद 65) के शानदार नाबाद अर्धशतक की बदौलत सीरीज में मजबूत शुरुआत की ।कुछ प्रशंसकों ने तेंदुलकर और गांगुली को 2002 में हेडिंग्ले में भारत की शानदार बल्लेबाजी की याद दिलाई, जब उन्होंने चौथे विकेट के लिए 249 रनों की साझेदारी की थी। तेंदुलकर ने 303 गेंदों पर 193 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि गांगुली ने 128 रन बनाए। राहुल द्रविड़ के 148 रनों की मदद से तीन भारतीय बल्लेबाज तीन अंकों के आंकड़े तक पहुंचे, जबकि सलामी बल्लेबाज संजय बांगर ने 68 रनों का योगदान दिया। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर उनकी शानदार साझेदारी और लीड्स में तीन शतकों के बारे में एक पोस्ट के जवाब में, तेंदुलकर ने फिंगर्स-क्रॉस इमोजी के साथ जवाब दिया।



# प्रियंका ने बयां की अपने साथ हुए हादसे की कहानी



**फिल्म** हेड ऑफ स्टेट की शूटिंग के दौरान ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के साथ एक हादसा हो गया जिसमें उनकी आंख बाल-बाल बची। अभिनेत्री ने अब इसे लेकर खुलासा किया है। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा की नई फिल्म हेड ऑफ स्टेट रिलीज के लिए तैयार है। इसी फिल्म से जुड़ा एक किस्सा अभिनेत्री ने एक शो के दौरान शेयर किया है जिसमें उन्होंने बताया है कि शूटिंग के दौरान उनके साथ भयानक हादसा हो गया था। जी हां, फिल्म हेड ऑफ स्टेट की शूटिंग के दौरान प्रियंका एक जबरदस्त स्टंट कर रही थीं, तभी एक ऐसी घटना घटी जो उनकी आंख की रोशनी तक छीन सकती थी। लेकिन सौभाग्य से प्रियंका सिर्फ आईब्रो की चोट के साथ इस हादसे से बाहर निकल आईं।

### जिमी फॉलन के टॉक शो खुलासा

प्रियंका ने हाल ही में जिमी फॉलन के टॉक शो में इस डरावने पल का खुलासा किया। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि शूटिंग के एक सीन में उन्हें बारिश में जमीन पर गिरते हुए रोल करना था। कैमरा बहुत करीब था और उन्हें भी अपनी परफॉर्मेंस के लिए आगे आना था। इसी दौरान कैमरे के मैट बॉक्स का कोना सीधे उनकी आईब्रो पर लग गया और आईब्रो का एक हिस्सा उखड़ गया।

### फिल्म हेड ऑफ स्टेट के बारे में

बता दें कि हेड ऑफ स्टेट एक एक्शन-कॉमेडी फिल्म है, जिसमें प्रियंका के साथ इद्रिस एल्बा और जॉन सीना भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।

फिल्म 2 जुलाई को प्राइम वीडियो पर हिंदी सहित छह भाषाओं में रिलीज की जाएगी।

### बाल-बाल बची प्रियंका की आंख

प्रियंका ने उस वक्त की गंभीरता को शेयर करते हुए कहा, अगर वो थोड़ा सा भी और नीचे लगता, तो मेरी आंख जा सकती थी। लेकिन एक प्रोफेशनल कलाकार की तरह उन्होंने न रुकने का फैसला किया। चोट लगने के बाद तुरंत सर्जिकल ग्लू से आईब्रो को चिपकाया और शूटिंग पूरी की। प्रियंका ने साफ कहा, मुझे दोबारा बारिश में शूट नहीं करना था, इसलिए उस दिन का काम हर हाल में पूरा करना था। इस वाकये के दौरान प्रियंका ने अपने जज्बे और प्रोफेशनलिज्म का जो उदाहरण पेश किया, वो काबिल–ए–तारीफ है। उन्होंने अपनी चोट की एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की है और उसे 'अपना फेवरेट स्कार' बताया है।

# साई पल्लवी ने की शेखर कम्मुला की तारीफ, बोलीं - 'कुबेर' का जादू चलेगा



**अभिनेत्री** साई पल्लवी ने अपने गुरु और मशहूर निर्देशक शेखर कम्मुला की जमकर तारीफ की। उनकी नई फिल्म 'कुबेर' की रिलीज के मौके पर साई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्हें फिल्म के लिए शुभकामनाएं दीं। साई ने कहा कि 'कुबेर' का जादू चलेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में साई पल्लवी ने कुबेर की टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शेखर का दिल साफ है और उनकी कला का मेल एक जबरदस्त संयोजन है। साई ने एक्स पर लिखा, 'कुबेर' कई कारणों से खास है। उन्होंने फिल्म के सितारों की तारीफ करते हुए कहा, धनुष सर की अभिनय कला और चुनौतीपूर्ण किरदारों को आसानी से निभाने की क्षमता बेमिसाल है। नागार्जुन सर का किरदार शेखर सर के निर्देशन में देखना शानदार होगा। रश्मिका मंदाना, शेखर सर जिस तरह अपनी फिल्मों के लिए महिलाओं के किरदार लिखते हैं, वह अनोखा है। यह किरदार आपके लिए यादगार और सफल होगा। साई ने म्यूजिशियन देवी श्री प्रसाद की भी सराहना की और कहा, यह फिल्म आपके लिए एक और उपलब्धि होगी। उन्होंने फिल्म की पूरी टीम को, जिसमें चैतन्य, सुरी, अजय, स्वरूप और अन्य शामिल हैं, उनकी मेहनत के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रोडक्शन हाउस एशियन सिनेमाज और निर्माता सुनील नारंग को भी बधाई दी।

**राशि खन्ना ने इंडस्ट्री में पूरे किए 11 साल, बोलीं-**

# 'पिक्चर अभी बाकी है'



**बॉलीवुड** के साथ ही साउथ फिल्म इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक फिल्में देने वाली अभिनेत्री राशि खन्ना ने इंडस्ट्री में 11 साल पूरे कर लिए हैं। साल 2013 में जॉन अब्राहम के साथ फिल्म 'मद्रास कैफे' से करियर की शुरुआत करने वाली राशि ने इस खास मौके पर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर फैंस का आभार जताया और खास अंदाज में कहा कि पिक्चर अभी बाकी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर उन्होंने कैप्शन में लिखा, जिज्ञासा के साथ करियर की शुरुआत की, नर्वस भी हुई और रुकी। 11 साल बाद भी कहानी जारी है। मुझे स्क्रीन पर बढ़ते देखने के लिए धन्यवाद। पिक्चर अभी बाकी है, मेरे दोस्त। 34 वर्षीय राशि खन्ना ने मुख्य रूप से तेलुगू और तमिल सिनेमा में अपनी पहचान बनाई है। हिंदी फिल्म 'मद्रास कैफे' में सहायक भूमिका के बाद उन्होंने तेलुगू फिल्म 'ऊहालु गुसागुसलाडे' से डेब्यू किया, जिसे समीक्षकों ने खूब सराहा। इसके बाद उन्होंने 'बंगाल टाइगर', 'सुप्रीम', 'जय लव कुश', 'थोली प्रेमा', 'इमैक्का नोदिगल', 'वेंकी मामा', 'प्रति रोजु पांडगे', 'थिरुचित्रमबलम', 'सरदार' और 'अरणमनई 4' जैसी कई सफल फिल्मों में काम किया। राशि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी अपनी छाप छोड़ चुकी हैं।

राशि इन दिनों तेलुसु काडा फिल्म की तैयारी कर रही हैं, जो स्टाइलिस्ट नीरजा कोना के निर्देशन में बनी पहली फिल्म होगी। जो पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले टीजी विश्व प्रसाद के सहयोग से बनाई जा रही है।

इसमें सिद्धू जोनालागड्डा, श्रीनिधि शेट्टी और विवा हर्षा लीड रोल में हैं। टीजी विश्व प्रसाद के प्रोडक्शन हाउस पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले बनी फिल्म रोमांस, दोस्ती, परिवार और आत्म-प्रेम की कहानी को पेश करती है। यह फिल्म 17 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# शो के बंद होते ही कम हो जाती है टीवी कलाकारों की लोकप्रियता: सानंद वर्मा



**टीवी के हिट सीरियल भाबीजी घर पर हैं के अभिनेता सानंद वर्मा ने अस्थायी लोकप्रियता पर खुलकर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि टीवी की दुनिया में जो प्रसिद्धि और पहचान मिलती है, वह हमेशा नहीं रहती। जब तक कोई अभिनेता टीवी पर नजर आता है, तब तक लोग उसे पहचानते हैं और पसंद करते हैं। जैसे ही वह काम करना बंद करता है या टीवी से दूर हो जाता है, लोग उसे भूलने लगते हैं।**

**सानंद** वर्मा ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, टीवी इंडस्ट्री में काम करना आसान नहीं है, इसमें कई मुश्किलें होती हैं। इसके बावजूद, टीवी पर काम करने के फायदे भी बहुत हैं, क्योंकि इससे एक कलाकार को बड़ा दर्शक वर्ग मिलता है। उन्होंने आगे कहा, पहले सिर्फ टीवी ही ऐसा माध्यम था, जो लोगों के ड्रॉइंग रूम तक पहुंचता था, लेकिन अब ओटीटी भी लोगों के घरों में आ चुका है। आजकल लगभग सारा टीवी कंटेंट ओटीटी पर भी मिल जाता है, जिससे दर्शक जब चाहें, जहां चाहें, कंटेंट देख सकते हैं। इससे कलाकारों की लोगों से जुड़ने की ताकत और भी बढ़ गई है। सानंद वर्मा कहते हैं कि टीवी कलाकारों को लोग तब तक ही याद रखते हैं जब तक उनका शो सफल रहता है। जैसे ही शो बंद हो जाता है, तो उनकी लोकप्रियता कम हो जाती है। लोग धीरे-धीरे उस कलाकार को भूलने लगते हैं। उन्होंने कहा, टीवी के कलाकारों की लोकप्रियता की एक तय समयसीमा होती है। जब तक कोई शो चल रहा होता है, सब कुछ ठीक रहता है, कलाकार मशहूर रहते हैं और लोग उन्हें पहचानते हैं। जैसे ही शो बंद हो जाता है, तो कुछ महीने के अंदर ही लोग कलाकारों को भूलने लगते हैं। यही टीवी इंडस्ट्री की सच्चाई है। उन्होंने आगे कहा, कुछ शो जैसे भाबीजी घर पर हैं, जो कई सालों तक चलते हैं, लेकिन आमतौर पर टीवी शो सिर्फ एक या दो साल ही चलते हैं। उस दौरान अभिनेता को लोग जानते हैं, लेकिन शो खत्म होने के बाद उन्हें काम मिलने में दिक्कत होती है।

## वॉर 2 में एक्शन सीन को दमदार बनाने में लगा सबसे ज्यादा समय: अयान मुखर्जी



**फिल्ममेकर** अयान मुखर्जी ने फिल्म वॉर 2 को डायरेक्ट करने का अनुभव शेयर किया। उन्होंने इसे रोमांचक सफर करार दिया। कहा कि वह इस फिल्म के जरिए अपनी नई सोच और नया अंदाज लाना चाहते हैं। अयान मुखर्जी ने कहा है, मेरे लिए वॉर 2 फिल्म को डायरेक्ट करना रोमांचक सफर था। ब्लॉकबस्टर फ्रैंचाइज की फिल्म को आगे बढ़ाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है और उसमें अपनी छाप छोड़ना और भी जरूरी हो जाता है। मैंने वॉर 2 को डायरेक्ट करने का मौका एक मजेदार अनुभव की तरह देखा है, जिसमें मैं पहली फिल्म को सम्मान दे सकूं। इसमें कुछ नया और अलग अंदाज में कर सकूं।

फिल्ममेकर ने बताया कि उन्होंने कहानी पर खास ध्यान दिया। वह फिल्म में दो बड़े स्टार, ऋतिक रोशन और एनटीआर, के बीच ऐसा जबरदस्त टकराव दिखाना चाहते हैं जिसे देख दर्शक तालियां बजाने पर मजबूर हो जाएं। अयान मुखर्जी ने कहा, हमें पहले से बनी हुई फिल्म और उसके माहौल को ध्यान में रखते हुए काम करना होता है, और फिर ऐसा कुछ नया दिखाना होता है जो फैंस को पसंद आए। एक डायरेक्टर के तौर पर मैंने पूरी ईमानदारी से इस एहसास को फिल्म में लाने की कोशिश की है। उन्होंने कहा कि वॉर 2 की हर चीज, कहानी, एक्शन, सीन आदि को बहुत ध्यान से तैयार किया है, ताकि दर्शकों को थियेटर में फिल्म देखने में मजा आए और एक खास अनुभव महसूस हो। अयान मुखर्जी ने कहा, फिल्म में ऋतिक और एनटीआर के बीच हुए एक्शन सीन को दमदार बनाने में सबसे ज्यादा समय लगा है। यह एक ऐसी फिल्म है जो भारतीय सिनेमा की ताकत को दिखाती है, फिल्म दर्शकों को ऐसा जोश देने वाली है जैसा पहले कभी नहीं देखा गया होगा। उन्होंने कहा, वॉर 2 सच में भारतीय सिनेमा की एक बड़ी मिसाल है, क्योंकि इसमें दो बहुत बड़े अभिनेता, ऋतिक और एनटीआर, साथ आ रहे हैं।



**एबीसीडी 2 फेम**

# एक्ट्रेस लॉरेन गॉटलिब ने बॉयफ्रेंड संग रचाई शादी

**बॉलीवुड** की डांसिंग डीवा और एबीसीडी फेम लॉरेन गॉटलिब ने आखिरकार अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड टोबियास जोन्स से शादी रचा ली है। 11 जून को इटली की खूबसूरत पहाड़ियों पर दोनों हमेशा-हमेशा के लिए एक दूसरे के हो गए, जहां दोनों ने अपने करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में आई डू कहकर एक-दूजे का साथ हमेशा के लिए अपना लिया। अभिनेत्री ने अब अपने सभी फैंस के साथ इस गुड न्यूज को शेयर किया है।

### लॉरेन की शादी की तस्वीरें आई सामने

शादी की तस्वीरें सामने आते ही सोशल मीडिया पर धूम मच गई है। लॉरेन ने इंस्टाग्राम पर अपनी ड्रीम वेडिंग की कुछ अनदेखी तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह सफेद वेडिंग गाउन में किसी परी से कम नहीं लग रहीं, वहीं टोबियास ने क्लासिक ब्लैक एंड व्हाइट टक्सीडो पहन रखा था। लॉरेन अपने पिता के साथ चर्च की गलियारे में चलते हुए दिखाई दे रही हैं, जहां टोबियास स्टेज पर उनका इंतजार कर रहे थे। ये पल जितना खूबसूरत था, उतना ही भावुक भी। शादी के बाद कपल ने केक काटकर अपने इस स्पेशल डे को सेलिब्रेट किया और फैमिली के साथ पोज भी दिए।

### लॉरेन ने इमोशनल नोट किया शेयर

अपने वेडिंग एल्बम के साथ लॉरेन ने एक इमोशनल नोट भी शेयर किया। उन्होंने लिखा, 11 जून 2025 को टस्कन हिलटॉप पर हमने खुले दिल से एक-दूसरे से वादा किया कि हम हमेशा साथ रहेंगे। हमें हमेशा लगा था कि सच्चा प्यार कहीं न कहीं जरूर मौजूद है और जब मिला, तो लगा जैसे हम घर वापस आ गए हों। उन्होंने आगे लिखा, हमारा वेडिंग वेन्यू एक सपने जैसा था। इस शादी को जादू बना देने के लिए हम पूरी टीम के तहे दिल से शुक्रगुजार हैं। केटरिंग वालों की ओर से फूलों की सजावट को हम कभी नहीं भूल पाएंगे। टॉबियास और लॉरेन ने वेडिंग फोटोग्राफर का भी शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने इन अनमोल पलों को तस्वीरों में कैद किया।

### फिल्म एबीसीडी में नजर आई थीं लॉरेन

गौरतलब है कि लॉरेन गॉटलिब ने भारत में एबीसीडी, एबीसीडी 2' जैसी डांस फिल्मों में अपनी पहचान बनाई है। साथ ही वो रैपर बादशाह के सुपरहिट गाने मर्सी में भी नजर आ चुकी हैं। उन्होंने झलक दिखला जा जैसे टीवी रियलिटी शोज में बतौर कंटेस्टेंट और जज दोनों भूमिकाएं निभाई हैं। लॉरेन और टोबियास की इस प्यारी कहानी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि प्यार न तो देश की सीमाओं को मानता है और न ही संस्कृति की दीवारों को। यह शादी न सिर्फ एक सेलेब्रिटी कपल की कहानी है, बल्कि हर उस इंसान के लिए उम्मीद की किरण है जो सच्चे प्यार की तलाश में है।

# अमेरिकी सिंगर क्रिस ब्राउन ने अपने आपको बताया निर्दोष, लंदन में निर्माता को बोतलों से पीटने का है इल्जाम

**अमेरिकी** सिंगर क्रिस ब्राउन पर इल्जाम है कि उन्होंने लंदन के एक नाइट क्लब में निर्माता अबे डियाव पर कई बोतलों से हमला किया था। क्रिस ब्राउन ने अब अपने ऊपर लगे इल्जामों से इंकार किया है। अमेरिकी सिंगर क्रिस ब्राउन ने शुक्रवार को इस आरोप से इनकार किया कि उन्होंने 2023 में लंदन के एक नाइट क्लब में एक संगीत निर्माता को बोतल से पीटा और गंभीर रूप से घायल कर दिया था। 36 साल के ग्रैमी विजेता गायक ब्राउन ने साउथवार्क क्राउन कोर्ट में जानबूझकर गंभीर शारीरिक क्षति पहुंचाने के एक मामले में खुद को निर्दोष बताया। क्रिस ब्राउन के दोस्त ओमोलोलु अकिनलोलु जो उनके साथी कलाकार हैं ने भी कहा है कि वह इस मामले में दोषी नहीं हैं।

### सबके सामने लात-घूसों से पीटा



साभार एजेंसी

अभियोजकों ने कहा कि ब्राउन और अकिनलोलू ने फरवरी 2023 में मेफेयर नेबर के टेप नाइट क्लब के एक बार में निर्माता अबे डियाव पर हमला किया। इल्जाम है कि ब्राउन ने कथित तौर पर डियाव पर बिना किसी वजह के कई बोतलों से हमला किया और फिर उन्हें लात-घूंसों से पीटा। अभियोजकों ने बताया कि यह हमला लोगों से भरे एक क्लब के सामने लगे निगरानी कैमरे में कैद हो गया।